तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

12 वार्ड-53 में मलबे से पाट दी नाली, वसूला 5 हजार जुर्माना



13 छत्तीसगढ़ की खेल संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखे हैं डीड़गा के युवा : साहू





# ट्रैफिक पुलिस ने की सर्विस लेन में कार्रवाई, 36 से अधिक वाहनों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सर्विस लेन पर अतिक्रमण करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को जब्त किया, उनसे जुर्माना वसूला। सड़क सुरक्षा माह के दौरान ही ट्रैफिक पुलिस इन वाहनों को लेकर जागती नजर आती है। बीते सालों से इस तरह के वाहन सड़क पर अवैध रुप से खड़े रहते हैं, लेकिन इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जाता है।

सर्विस रोड से अवैध खड़े वाहनों का इसके लिए पहले लिस्ट बनाया गया। उसके बाद एक के बाद एक कर कार्रवाई की गई। नागरिक व आटो डीलरों द्वारा सड़क किनारे, बाजार के बीच में वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसके कारण अक्सर सड़क जाम हो जाता है। आने जाने वालों को दिक्कतों का सामान करना पड़ता है। कई बार अवैध वाहनों से हादसा भी हुआ करता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने हादसों को कम करने के लिए अभियान चला रखा है। सुपेला में कई आटो डीलरों द्वारा सर्विस रोड में कब्जा कर वाहन खड़ा कर रिपेयरिंग एवं वॉशिंग का काम करते थे। साथ ही नागरिकों द्वारा अपने चार पहिया, दो पहिया वाहनों को अनावश्यक सर्विस रोड में खड़ा कर इधर-उधर चले जाते है। जिसके कारण रोड से गुजरने वाले वाहन चालको एवं पैदल चलने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा वाहने को हटाकर जप्त कर सुपेला ट्रैफिक पुलिस थाना लाया गया है। चालको को दोबारा इस तरह का कोई काम न करने की समझाइश भी दी गई है। इस दौरान तीन दर्जन से भी अधिक वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई किया है।

## भिलाई-3 और सुपेला क्षेत्र में चलाया अभियान



### खुर्सीपार के सर्विस रोड पर अभी भी नहीं हटा कब्जा

सर्विस रोड का निर्माण दो पहिया वाहन, पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षा को ध्यान रखकर किया गया था। लेकिन सर्विस रोड पर कई फर्नीचर दुकान, सर्विस सेंटर समेत इलेक्ट्रॉनिक दुकान वालों का कब्जा लंबे समय से है। ट्रैफिक पुलिस हादसों को रोकने के लिए अब तक यहां के लिए कदम नहीं उठा पाई है। जबकि अक्सर हादसा इसी क्षेत्रों में अधिक होता आया है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस की टीम ने भिलाई तीन व सुपेला क्षेत्र में अवैध वाहनों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया लेकिन फिर दोबारा आज यहीं हालत बनी हुई है। सर्विस सड़क पर इतना कब्जा रहता है दो पहिया तक यहां से गुजर पाना मुश्किल रहता है।

### स्कूल बसों का निरीक्षण, 65 बसों पर 50,900 का जुर्माना

दुर्ग। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन दुर्ग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता एवं युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के दिशा निर्देश अनुसार जिले के निजी स्कूलों के बसों का निरीक्षण, परीक्षण कार्य 11 जनवरी से सेक्टर 06 पुलिस ग्राउंड भिलाई में किया गया। इसमें कुल 230 बसों को चेकिंग गया है, जिसमें से 65 बसों पर दस्तावेज, तकनीकी खराबी के कारण 50900 रूपए जुर्माना वसूल किया गया। आगामी दिनों में नियमित रूप से चेंकिग की कार्यवाही जारी रहेगी। चेंकिग के दौरान वाहन चालक एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण भी किया गया। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा के मार्गदर्शन में परिवहन निरीक्षक सनत कुमार जांगड़े, अरुणा साहू, एवं अनिश बघेल, परिवहन उप निरीक्षक रिचा मिश्रा मौजूद थे।



**सड़क हादसा : बेमेतरा का रहने वाला परिवार, बाइक से आ रहे थे गांव, नंदिनी थाना अंतर्गत सहगांव की घटना**


# पुणे से घर लौट रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुणे से अपनी बाइक से घर लौट रहे मां बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र के सहगांव पास हुई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजकर परिजनों को सूचना दी गई है।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि बेमेतरा स्थित ग्राम जामगांव निवासी मालती साहू और बेटा राजेन्द्र साहू अपनी बाइक एमएच 50 वाय 6197 में दोनों घर लौट रहे थे। इसके अलावा मालती का पति राजू साहू अन्य बाइक में छोटा बेट बेटा जागेश्वर साहू के साथ बेमेतरा लौट रहे थे। इस बीच दुर्ग में रात का खाना खाने के बाद गृहग्राम के लिए निकले। ग्राम सहगांव नंदिनी के पास बाइक के पहुंचते ही सड़क के पास हाईवा सीजी 25 एम 7574 में राजेन्द्र की बाइक जा भिड़ी। हादसा इतना बड़ा था कि मालती व राजेन्द्र की मौके पर रही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। साहू परिवार मूलतः बेमेतरा के जामगांव का रहने वाला है। वे परिवार समेत पुणे में मजदूरी का काम करते थे। 9 जनवरी की शाम 4 बजे वे पुणे से अपने पैतृक गांव जामगांव के लिए रवाना हुए थे। पुणे से जामगांव की कुल दूरी लगभग 1,060 किलोमीटर है। परिवार के चारों सदस्य दो अलग -अलग बाइको से यात्रा कर रहे थे। करीब 973 किलोमीटर का सफर तय कर सहगांव परिवार पहुंच चुका था। तभी सड़क हादसा हुआ और जान चली गई।



### जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे

जिले में ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज और सर्विस रोड पर अवैध रुप से कब्जा कर वाहन रखने वालों पर सिर्फ चालानी कार्रवाई किया जा रहा है। लेकिन सड़क हादसों को रोकने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। सहगांव में हुए हादसा भी इसी का परिणाम मान सकते है। लेकिन जनवरी माह के 12 दिनों में आधा दर्जन से अधिक लोगों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। बावजूद ट्रैफिक पुलिस सिर्फ दो पहिया चालको का चालानी कार्रवाई में मस्त जुटी है।

### हाइवा का इंडिकेटर नहीं जल रहा था

मिली जानकारी के मुताबिक सहगांव में जो हाईवा सड़क पर खड़ी थी उसका इंडिकेटर नहीं चल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रहे राजेन्द्र को हाइवा वाहन रात को नहीं देख पाया और सीधे हाइवा में जा घुसा। हाइवा चालक की लापरवाही के कारण ही इतना बड़ा हादसा हो गया। जबक ट्रैफिक नियम के मुताबिक सड़ किनारे खडे वाहनों को इंडिकेटर रात के समय जलाना अनिवार्य है। लेकिन सहगांव में खड़े हाइवा चालक की लापरवाही से दो की मौके पर जान चली गई। यहां न ही रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत तक नहीं लगाए गए है। गांव में रात को अंधेरा होने के कारण बाइक सवार नहीं देख सका और जोरदार टक्कर हो गई।




**पद्मनाभपुर थाना की घटना**

## म्यूल खाते मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

म्यूल खाते के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पदमनाभपुर पुलिस में शिकायत की गई थी कि 20 हजार रुपए का लालच देकर खाते का उपयगोग म्यूल खाते के रूप में किया जाता था। मामले में पुलिस ने सेक्टर 6 भिलाई निवासी फरार विशाल मसीह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इससे पहले लोकेश जाधव, टवन कुमार जाधव, विनय सिंग सेंगर, राजू गायकवाड, अमित मिश्रा को गिरफ्तार कर चुकी है। इनके बयान के बाद म्यूल खातों के कारोबार में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के पास से 78 एटीएम, क्रेडिट कार्ड, 21 चेकबुक, 18 पासबुक, 16 अलग अलग कंपनी के सिम कार्ड जब्त किया जा चुका है।



### शराब का अवैध कारोबार, चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। शराब का अवैध कारोबार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि धमधा थाना क्षेत्र से विभिन्न स्थानों में शराब की तस्करी करने वाले दारगांव, धमधा निवासी झूनउ निर्मलकर, यशवंत यादव , रामायण यादव, रामचन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 89 पौवा अवैध शराब वह 11250 रुपए नगद रकम जब्त की गई है।

**जामुल थाना क्षेत्र की घटना**


## साधु भेष में भीख मांगने वाले बिना सूचना के शहर में थे रुके

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

साधु के भेष में भीख मांग रहे युवक पूछताछ करने पर यूपी का रहने वाला निकला है। जो मुस्लिम युवक है, उसके हाव-भाव पर लोगों को संदेह होने पर लोगों ने कुछ सवाल किया। सवाल सुनकर युवक घबरा गया और रोने लगा।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक और व्यक्ति को मौर्या टॉकिज के पास से हिरासत में लिया। उक्त युवक चार दिन पहले से शहर में आकर बिना पुलिस की सूचना से रुका हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक युवक साधु का भेष धारण कर तंबूरा बजाते हुए भीख मांग रखा था। इस दौरान कुछ लोगों को शक हुआ। लोगों ने शंका दूर करने के लिए उससे सवाल पूछा कि भगवान राम के पिता का नाम क्या था? वह इसका जवाब नहीं दे सका। इसके बाद लोगों ने गायत्री मंत्र पूछा। युवक घबरा कर रोने लगा और उसे छोड़ देने की बात कहने लगा।

खबर लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता युवकों को लेकर जामुल थाना पहुंचे थे। जहां चेक करने पर युवकों के पास से यूपी का पहचान आधार कार्ड मिला जिसमें हवलदार पिता मुस्तफा खुद को मुस्लिम बता रहा था। बजरंग दल की ज्योति शर्मा के मुताबिक भाई लोगों ने व्यक्ति से पूछताछ की जिसमें वह रोने लगा और छोड़ देने की बात कह रहा था। मांगे हुए पैसे वह कार्यकर्ताओं को दे रहा था। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है।




**अधिवक्ता ने कहा- यह निगम की हिटलरशाही, दायर की याचिका**

# शहर के प्रतिष्ठित वकील के घर का टैक्स 10 साल से बकाया, दुर्ग निगम ने काट दिया नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बकाया टैक्स वसूली को लेकर दुर्ग निगम ने शहर की प्रतिष्ठित वकील सौरभ चौबे के घर का दो नल कनेक्शन काट दिया गया है। निगम के मुताबिक वार्ड-9 निवासी सौरभ चौबे, एसपी चौबे के मकान पर 59,013 रुपए का टैक्स बकाया है। यह टैक्स करीब 10 साल का है। लगातार नोटिस रिमाइंडर के बाद भी वकील ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, इसे देखते हुए सौरभ चौबे के घर का नल कनेक्शन काटा गया है। इस पूरे मामले को लेकर अधिवक्ता सौरभ चौबे ने भी मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने निगम की कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण और गलत बताते हुए मामले को लेकर कोर्ट में परिवाद दायर किया है। साथ ही निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को नोटिस भी भेजा है। सौरभ चौबे ने कहा कि नियमतः तीन साल से ज्यादा का बकाया टैक्स इस तरह से निगम नहीं वसूल सकता। निगम 15-15 साल का नोटिस भेजकर कार्रवाई कर रहा है। उनके घर नल कनेक्शन नहीं है, वे कुएं का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर कोर्ट गए हैं। कोर्ट को वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। निगम ने लाल चंद्रा जौहरे के मकान पर 66,626 रुपये बकाया टैक्स होने के कारण नल कनेक्शन विच्छेदन किया। कार्रवाई के दौरान नल कनेक्शन कटने के दबाव में कई लोगों ने मौके पर ही बकाया टैक्स जमा किया। वार्ड 9 के व्यास नारायण श्रीवास्तव ने 20,215 रुपये, जबकि राधा मंगला चतुर्वेदी ने 15,920 रुपये टैक्स जमा कराया। यह पूरी कार्रवाई सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंग यादव, उपराजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा, उप निरीक्षक निशांत यादव, राजस्व उप निरीक्षक राम खिलावन शर्मा के नेतृत्व में की गई। नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में बकाया कर वसूली अभियान लगातार जारी है, ताकि नागरिक सुविधाओं को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।



### सांझा चूल्हा से वसूला गया 1.75 लाख का संपत्ति कर

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को जीई रोड स्थित चार्ज के सामने संचालित सांझा चूल्हा फैमिली ढाबा के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की तैयारी की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार होटल संचालक पर 1 लाख 75 हजार 458 रुपये का संपत्ति कर लंबे समय से बकाया था। निगम द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन संचालक द्वारा कर की राशि जमा नहीं की गई। अंतिम नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं होने पर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग का अमला होटल को सील करने पहुँचा। सीलिंग की कार्रवाई के भय से होटल संचालक ने मौके पर ही पूरी बकाया राशि नगद जमा कर दी, जिसके बाद कार्रवाई स्थगित की गई। आयुक्त ने कहा कि बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सील बंद की सख्त कार्रवाई की जाएगी।निगम की इस सख्ती के बाद कर वसूली में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कव्वाली का मुकाबला 16 को उरला में

दुर्ग। डॉ अंबेडकर नगर निवासी विकास समिति उरला वार्ड 58 दुर्ग द्वारा राज्य स्तरीय बुद्ध मेला एवं बुद्ध विहार स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 16 जनवरी को 14वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसमें परित्राण पाठ व शाम को रिकॉर्डिंग डांस के साथ रात में कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। कव्वाल प्रकाश नाथ पाटणकर नागपुर व अजय कुमार युवा प्रबोधनकार के मध्य मुकाबला किया जाएगा। मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र चौरे ने दी।

### डॉ. ऋतु का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में चयन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर



कन्या महाविद्यालय में कार्यरत डॉ. ऋतु दुबे का चयन ऑल इण्डिया सिविल सर्विसेज टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता चण्डीगढ़, टेबल-टेनिस हॉल में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित है। इससे पूर्व चयन स्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ. दुबे का चयन वेट्रन्स टीम के लिए हुआ है। चण्डीगढ़ में छत्तीसगढ़ की ओर से एकल एवं युगल टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने क्रीडाधिकारी की इस उपलब्धि को सराहा। क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेश राम नायक, डॉ. दीपक ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खुशी जताई।

### जंबूरी में काम देने के नाम पर घोटाला, युकां ने की जांच की मांग




दुर्ग। युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर जंबूरी में हो रहे घोटाले को लेकर विरोध दर्ज करया। इंदिरा प्रतिमा इंदिरा मार्केट से लेकर रैली निकालकर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की गई। रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि बिना टेंडर के निजी कंपनी को काम दिया गया है, जिससे 10 करोड़ के बजट में नियमों की अनदेखी कर राशि का हस्तातरण किया गया है। केंद्रीय स्तर पर तय नवा रायपुर से आयोजन स्थल बदलकर चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया गया है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। सिर्फ वीआई सुविधाओं के लिए 5 करोड़ खर्च करना नियमों का उल्लंघन है और सरकारी धन का दुरुपयोग है। इस अवसर पर मोहित वालदे, राजकुमार पाली, आनंद कपूर ताम्रकार, सुमित घोष, एनी पीटर, आदित्य नारंग, अभिषेक जांगड़े, अली असगर, केडी देवांगन, तुषार कुमार, रोहन ताम्रकार, अमन सिंह, राहुल यादव, वेदांत शर्मा, ओम लोहरी, यश ठाकुर, जय राणा, ऋषभ शुक्ला, कान्हा सोनी मौजूद थे।

# देश की तरक्की की बागडोर आज के युवाओं के हाथ में : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी भावना, राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, स्वदेशी जागरण मंच के दिनेश पाटिल, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति संजय तिवारी ने की। उन्होंने युवाओं को स्वदेशी विचारधारा अपनाने तथा शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया।

## संकल्प दौड़ में दिखा युवाओं का उत्साह, सामाजिक सरोकार का दिया संदेश

### स्वदेशी संकल्प दौड़ को दिखाई हरी झंडी

सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे देश के पुरोधाओ में से हैं उन्होंने जो मार्ग दिखाया है हमें उस पर चलना चाहिए। वे युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने कहा आज हम इस दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं और सभी संकल्प लेते हैं कि आज से स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। इसी के साथ उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को स्वदेशी का संकल्प दिलाया तथा स्वदेशी संकल्प दौड़ को हरी झंडी दिखाई।



### दौड़ में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी संकल्प शपथ दिलाई गई, जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ का शुभारंभ किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। डॉ. शूलपाणी सिंह, डॉ. राजेन्द्र चोपड़ा भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. जनेन्द्र दीवान ने किया।

## अव्यवस्था : चन्द्रशेखर आजाद नगर वार्ड-39 में विकास ठप

# वॉटर एटीएम 4 साल से बंद, बदहाली व लापरवाही की पहचान बना खेल मैदान

### आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित वार्ड के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 39 चन्द्रशेखर आज़ाद नगर में बुनियादी सुविधाओं की हालत बेहद खराब है। सड़कों की जर्जर स्थिति, पीने के पानी की किल्लत, बच्चों के खेल मैदान की बदहाली और चार साल से बंद पड़े वाटर एटीएम ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एक पाइपलाइन से करीब 6 महीनों से पानी नहीं आ रहा, जबकि दूसरी से मिलने वाला पानी जरूरत से कम है।

नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर में कई जगह सड़कें जर्जर हालत में है। कई जगह डामर उखड़ चुका है। बच्चों के लिए बनाया गया खेल मैदान भी उपेक्षा का शिकार है। चारों ओर गंदगी फैली हुई है। यह मैदान बच्चों के खेलने की जगह नहीं है। सबसे बड़ी समस्या है पीने के पानी की। वार्ड में दो पाइपलाइन बिछी हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक एक पाइपलाइन से पिछले करीब 6 महीनों से एक बूंद पानी नहीं आया। दूसरी पाइपलाइन से जो पानी मिलता है, वह पूरे इलाके के लिए बेहद कम है। शुद्ध पेयजल के लिए लगाया गया वाटर एटीएम भी पिछले चार साल से बंद पड़ा है। मशीन लगी है, बोर्ड भी लगा है, लेकिन न तो पानी है और न ही बिजली।








### खेल मैदान में गंदगी और कब्जे

चन्द्रशेखर आज़ाद नगर का खेल मैदान कभी बच्चों की हंसी और खेल



से गुलजार रहता था। आज वही मैदान बदहाली और लापरवाही की पहचान बन चुका है। वार्ड निवासी अभय मेहता ने बताया कि कई साल पहले यहां बच्चों के खेलने के लिए बाकायदा मैदान बनाया गया था। दीवारों पर खेल से जुड़े रंग बिरंगे चित्र भी बनाए गए थे, ताकि बच्चों को अच्छा माहौल मिल सके, लेकिन समय के साथ देखरेख पूरी तरह खत्म हो गई। आज मैदान के चारों ओर गंदगी बिखरी हुई है। कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा भी कर रखा है, जिससे मैदान लगातार सिकुड़ता जा रहा है। अभय मेहता कहते हैं कि एक वक्त था जब इस मैदान में रोज बच्चों की भीड़ लगी रहती थी। अब हालात ऐसे हैं कि मैदान पूरी तरह वीरान पड़ा हुआ है।

### सिर्फ दो माह चला वाटर एटीएम

भिलाई के वार्ड 39 में शुद्ध पेयजल के नाम पर लगाया गया वाटर एटीएम



अब लोगों के लिए मजाक बन चुका है। वार्ड निवासी प्रणव सरकार बताते हैं कि सुभाष नगर गोवर्धन चौक के पास करीब चार साल पहले यह वाटर एटीएम लगाया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि अब कम से कम पीने के पानी की दिक्कत खत्म होगी, लेकिन यह उम्मीद सिर्फ दो महीने ही चली। प्रणव सरकार के मुताबिक चुनाव के बाद वाटर एटीएम का पानी भी बंद हो गया। मशीन आज भी वहीं खड़ी है, लेकिन उसमें एक बूंद पानी नहीं निकलता। यहां बाकायदा बिजली का कनेक्शन लगा हुआ है, लेकिन उसमें करंट नहीं है। पास में बोर भी कराया गया था, ताकि पानी की सप्लाई बनी रहे, लेकिन बिजली नहीं होने की वजह से बोर भी कई सालों से बंद पड़ा है।

# वार्ड-53 में मलबे से पाट दी नाली, वसूला 5 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने तड़के शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वे वार्ड 30 एवं 53 में पहुंची। मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल भी मौजूद थे। इंदिरा मार्केट

- इंदिरा मार्केट की सफाई व्यवस्था लचर

पहुंचकर साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के बाद भी यदि कोई दुकानदार अपने दुकान का कचरा इधर-उधर या सड़कों पर फेंकता पाया गया तो उससे यूजर चार्ज व जुर्माना वसूला जाएगा। निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पार्षद सविता साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, गौतम साहू, अतिक्रमण विभाग चंदन शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

**जलाराम चाट वाला फेंक रहा**

### शौचालय के आसपास सफाई के निर्देश

महापौर ने सुलभ शौचालय के पीछे टू-व्हीलर पार्किंग सुनिश्चित करने तथा शौचालय के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए, ताकि वहां गंदगी न हो। इसके पश्चात शिकायत के आधार पर महापौर वार्ड क्रमांक 53, सड़क नंबर 6 पहुंची। निरीक्षण के दौरान नाली पाटकर मकान का मलबा नाली में डालने पर संबंधित मकान मालिक से 5,000 रुपये जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुपरवाइजर को नियमित और सही तरीके से नाली सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

**सड़क किनारे कचराः** जांच के दौरान इंदिरा मार्केट स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स के नीचे जलाराम चाट वालों को कचरा न फेंकने की समझाइश दी गई। मौके पर उनकी दुकान के पास कचरा मिला। बता दें कि लगातार शिकायत के बाद भी संचालक द्वारा कचरा फैलाना बंद नहीं किया जा रहा है। यहां तक दुकान के बाहर अतिक्रमण काउंटर लगाकर खाने-पीने के सामान दिए जा रहे हैं। इससे मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी सामने आ रही है।

# विवेकानंद ने सामाजिक सेवा, मानवीय कार्यों के लिए की रामकृष्ण मिशन की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दुर्ग शहर में स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तरों, राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें विवेकानंद के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। उनके जीवन पर आधारित कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी, नगर निगम दुर्ग, बीआईटी कॉलेज, साइंस कॉलेज सहित अन्य जगहों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विवेकानंद भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने बचपन से ही धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति झुकाव दिखाया। 18 वर्ष की आयु में वे रामकृष्ण से मिले और उनके समर्पित शिष्य बन गए, और बाद में संन्यासी (त्यागी) के व्रत ग्रहण किए। रामकृष्ण की मृत्यु के बाद, विवेकानंद ने घुमंतू भिक्षु के रूप में भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक यात्रा की, और तत्कालीन ब्रिटिश भारत के अधीन भारतीय जनता द्वारा झेली जा रही कठिन जीवन

- उनके जीवन पर आधारित कार्यशाला का आयोजन



स्थितियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया। शिकागो अमेरिका में बहनों और भाइयों... शब्दों से शुरू होने वाला एक ऐतिहासिक भाषण दिया। उन्होंने न्यूयॉर्क की वेदांत सोसायटी और सैन फ्रांसिस्को की वेदांत सोसायटी की नींव बनीं। भारत में उन्होंने आध्यात्मिक प्रशिक्षण के लिए एक मठवासी व्यवस्था, रामकृष्ण मठ और सामाजिक सेवाओं, शिक्षा और मानवीय कार्यों के लिए समर्पित रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस अवसर पर आरएन वर्मा, अय्यूब खान, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, संजय कोहले, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, नासिर खोखर मौजूद थे।

### महापौर बाघमार ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण, दी पुष्पांजलि



दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद परिसर पहुंचकर युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सरिता चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बाघमार ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रवादी, सांस्कृतिक और युवा चेतना से ओतप्रोत विचार आज भी समाज और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वैचारिक अधिष्ठान का मूल आधार हैं।

### कन्या कॉलेज में युवा दिवस का आयोजन, स्वदेशी संकल्प दौड़ भी

दुर्ग। डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय में विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि उनके विचार हमें सिखाते है कि आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने लिए हमें एकाग्र होकर समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की ट्विंकल साहू, झरना, हेमलता, तृप्ति साहू, स्वाति साहू, नेहा ढीमर, भिनेश्वरी आदि ने सहभागिता दी। डॉ० सुनीता तिवारी, वंदना बंजारे, जुनैद सिद्दकी, अरविन्द लोखण्डे आदि मौजूद थे।




### सामान्य सभा की बैठक 19 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 19 जनवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में धान खरीदी की समीक्षा, खाद्य विभाग के कार्यों, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, समाज कल्याण विभाग के कार्यों, खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

**ईश्तहार**

न्यायालय जिला दुर्ग तहसील धमधा प.ह.न. 00022 जिराही ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD-202526430211600001

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार

सनत कुमार पिता/पति-रामरतन पता-जिराही चन्देश्वर पिता/पति-स्व. संतराम, पालक माता सुनेती साहू, पता-वार्ड न. 04 अहिवारा संतोष कुमार साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही राजवती बाई साहू, पिता/पति-रामरतन पता-जिराही पुरन लाल साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रोहित साहू, पता-यार्ड नं. 04 अहिवारा रामकुमार पिता/पति रामरतन पता-जिराही रेखा बाई साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही ना.बा सोहदा पिता/पति-स्व संतराम वती पिता/पति-रामरतन पता-छिनाही सुनेती साहू पिता/पति-स्व. सतराम पता-वार्ड नं. 04 अहिवारा अनावेदक पक्षकार पूरन लाल साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रेखा बाई साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही संतोष कुमार साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही राजबती बाई साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रामकुमार पिता/पति-रामरतन पता-जिराही सनत कुमार पिता/पति-रामरतन पता-जिराही संतराम पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रोहित साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही। भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है। तहसील धमधा के प.ह.न. 00022 के अतर्गत ग्राम जिराही के भूमिस्वामी पूरन लाल साहू, पिता/पति-रानरतन पता-जिराही रेखा बाई साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही संतोष कुमार साहू, पिता/पति-रामरतन पता-जिराही राजबती बाई साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रामकुमार, पिता/पति-रामरतन पता-जिराही रोहित साहू पिता/पति-रामरतन पता-जिराही के द्वारा धारित भूमि, पिता/पति-रामरतन पता-छिराही सनत कुमार पिता/पति-रामरतन पता-जिराही संतराम खसरा क्रमांक 83/1(0.1400), 220/1(0.0700), 229/2(0.0800) में नामांतरण अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी। आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथि के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोटिस दिनांक : 08/01/2026

नोटिस क्रमांक

राजस्व अधिकारी Yogesh Singh Rajput

पदनाम- नायब तहसीलदार

धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

## नागरिक सहकारी बैंक के प्रत्यायुक्त सदस्य पद के चुनाव में 16 प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

# मतदान के जरिए प्रत्याशियों के बीच हार जीत का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 16 समूह के लिए रविवार को हुए चुनाव में 16 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। मतदान के जरिए हार व जीत का फैसला हुआ। वहीं एक समूह में टॉस से रोचक नतीजे सामने आए। निर्वाचन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी देवाशीष दास के मार्गदर्शन और रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटी दुर्ग के कर्मचारियों की

- विजयी प्रत्याशियों को प्रदान किए गए निर्वाचन प्रमाण पत्र



देखरेख में पूरी की गई। मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किए गए। विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

प्रत्यायुक्त सदस्य पद के कुल 117 समूह में चुनाव के लिए 9 दिन पहले निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इन कुल 117 समूहों में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 80 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए थे। 21 समूह में किसी भी प्रत्याशी के नामांकन नहीं आने से यह समूह रिक्त रहे। नामांकन प्रक्रिया उपरांत मात्र 16 समूहो में प्रत्याशियों के बीच आमने-सामने की निर्वाचन की स्थिति बनी। इन समूहों में चुनाव के लिए रविवार को मतदाताओं ने गुजराती धर्मशाला मोतीपारा में गहमागहमी माहौल के बीच उत्साह के साथ मतदान किया और अपना नया प्रतिनिधि चुना। इन समूहों के चुनाव में समूह क्रमांक 47 का परिणाम काफी दिलचस्प रहा। इस समूह के प्रत्याशी संजय बोहरा (जैन) टॉस के जरिए निर्वाचित घोषित किए गए। इसके अलावा समूह क्रमांक 116 में प्रत्याशी धनेंद्र कांत चंदेल ने एकतरफा जीत दर्ज की। कुल 22 वोटो में से चंदेल को 21 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को मात्र एक वोट से ही संतोष करना पड़ा। चुनाव में बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रूंगटा ने समूह क्रमांक 20 से जबरदस्त जीत दर्ज की। इस चुनाव में कई जनप्रतिनिधियों और व्यवसाईयों की प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी, जिसके चलते चुनाव के परिणाम पर सब की नज़रें टिकी रही। मतदान के दौरान बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश यादव, शंकरलाल ताम्रकार, पवन बडजात्य, संजय सिंह, मनोज ताम्रकार, राजेश रुंगटा, अजय शर्मा, दीपक चावड़ा, प्रहलाद रुंगटा, नारायण साहू, महेंद्र सक्सेरिया, ललित सक्सेरिया, श्रीकांत समर्थ, कंचन शुक्ला, राजकुमार वर्मा, विनोद ताम्रकार, धर्मचंद चोपड़ा, तेज बहादुर बंछोर, लखनलाल साहू, संजय देशमुख, धर्मेंद्र गुप्ता, दिलीप देशमुख, अजय वर्मा, गुलाब वर्मा, पोषण साहू, खालिक रिजवी आदि मौजूद रहे।

### ये रहे विजयी प्रत्याशी

विजयी प्रत्याशियों में कमल नारायण रुंगटा समूह क्रमांक 20, संजय बोहरा समूह क्रमांक 47, सुदर्शन सिंह महलवार समूह क्रमांक 63, ज्ञानेश्वर ताम्रकार समूह क्रमांक 75, श्रीमती रितु रुंगटा समूह क्रमांक 93, रूपेश कुमार सोनी समूह क्रमांक 96, श्रीमती वसुंधरा चौरे समूह क्रमांक 98, सुयश चोपड़ा समूह क्रमांक 102, श्रीमती संध्या तिवारी समूह क्रमांक 105, इंद्रेश कांत सोनी समूह क्रमांक 106, अंबर ताम्रकार समूह क्रमांक 107, अनिल कुमार पासवान समूह क्रमांक 111, अमृतपाल सिंह भांभरा समूह क्रमांक 113, धनेंद्र कांत चंदेल समूह क्रमांक 116, कुशल साहू समूह क्रमांक 117 के नाम शामिल है।

### करोड़ों का धान चूहे खाने के मामले में हो निष्पक्ष जांच

भिलाई। छग में धान घोटाले को लेकर सामने आ रहे तथाकथित चूहा सिद्धांत को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि करोड़ों रुपए के धान को चूहों द्वारा खा जाने जैसे बेतुके तर्क देना न सिर्फ़ प्रशासनिक गैर-जिम्मेदारी है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की छवि को जानबूझकर हास्यास्पद बनाने की साज़िश भी है। यह डबल इंजन की सरकार में ही संभव है कि अपने किए-धरे का ठीकरा अब चूहों पर फोड़ा जा रहा है। इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदेश में जहां कहीं भी धान कम पाया गया है, उन सभी मामलों को सार्वजनिक करना चाहिए। ताकि को पता चल सके कि प्रदेश की भाजपा सरकार में क्या कुछ हो रहा है। किस तरह से किसानों की मेहनत को बर्बाद किया जा रहा है। घोटाला और अनियमितता की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी व प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण

**अंडा।** ग्राम परसदा(डंग) के नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण व सेवा सहकारी समिति परसदा 290 में प्रकाश व्यवस्था के तहत हाईमास्क लाइट का बटन दबाकर चेमन देशमुख अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद,कुलदीप साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष व सत्यवती साहू सरपंच ग्रा.प. परसदा ने किया।

### शिवमहापुराण कथा आज से

**अंजोरा।** शिवमहापुराण कथा का आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी



तक बस्ती पारा बाजार चौक, चिंगरी में किया जाएगा। सुबह कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद प्रतिदिन शिव महिमा से जुड़े विविध प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के दौरान 13 जनवरी मंगलवार को कलश यात्रा, बेदी पूजन, महातमै सृष्टि विस्तार होगा। कथा के संयोजक माँ अम्बे दुर्गोत्सव नवयुवक मण्डल व सर्वसमाज ग्रामवासी चिंगरी हैं।

### सिरसिदा में मनाया चावल उत्सव



**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में चावल उत्सव, रोज़गार दिवस एवं आवास चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजन में सरपंच सरस्वती चन्द्राकर, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, सचिव मोतीलाल साहू, रोज़गार सहायक रंगीता देवांगन एवं हरीश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों को चावल उत्सव, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोज़गार दिवस तथा आवास चौपाल से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को लाभ, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ एवं समय-सीमा के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से सहभागिता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम को ग्रामीणों ने उपयोगी बताते हुए सराहा।

### सोमनाथ से पाटन तक ओम की गूंज



**सेलूद।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण की सहस्त्राब्दी (1000 वर्ष) पूर्ण होने के अवसर पर पाटन नगर मंडल द्वारा ऐतिहासिक महादेव मंदिर में श्रद्धा, आस्था एवं सनातन चेतना के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर समस्त कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत जलाभिषेक कर "ॐ नमः शिवाय" मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। कार्यक्रम में पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, पाटन नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, योगेश सोनी, केशव बंछोर, सिकौला सरपंच अतिश सपाहा, सोशल मीडिया प्रभारी विजय बंछोर और किरण बंछोर आदि उपस्थित थे।

### निधन

**पुष्पा अग्रवाल**

**दुर्ग।** मोतीपारा दुर्ग निवासी पुष्पा



अग्रवाल पति स्व. गणेश प्रसाद अग्रवाल का निधन 12 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

# धान की ढेरी लगाकर बोरी में भरने के निर्देश से किसानों में आक्रोश

## सहकारी समिति की प्रक्रिया से परेशान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन ब्लॉक अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सोरम में वर्तमान खरीफ सीजन के तहत धान खरीदी कार्य जारी है। इसी बीच समिति द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि सोरम समिति प्रबंधन द्वारा धान खरीदी के दौरान सीधे जूट बोरे में पल्टी कर भरने की बजाय पहले समस्त धान को ढेरी लगाने का निर्देश दिया गया है, जो उनके लिए अत्यंत असुविधाजनक साबित हो रहा है।

किसानों का कहना है कि ढेरी लगाने की प्रक्रिया से न केवल अतिरिक्त मजदूरी का खर्च बढ़ रहा है, बल्कि समय की भी भारी बर्बादी हो रही है। पहले से ही खेती-किसानी में बढ़ती लागत और मौसम की मार झेल रहे किसानों पर यह नियम आर्थिक और मानसिक बोझ डाल रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि पाटन ब्लॉक की अन्य समितियों में धान खरीदी सीधे पल्टी कर बोरे में भरकर की जा रही है, जिससे कार्य सुचारू रूप से और कम खर्च में संपन्न हो रहा है। इसके विपरीत केवल सोरम समिति में ढेरी लगाने का आदेश दिया जाना किसानों को समझ से परे लग रहा है। धान खरीदी के इस तरीके से नाराज सोरम समिति के अनेक किसान पाटन पहुंचे और अपनी समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। किसानों ने एसडीएम पाटन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सोरम समिति में भी अन्य समितियों की तरह सीधे पल्टी कर धान खरीदी की व्यवस्था की जाए, ताकि अनावश्यक खर्च और परेशानी से उन्हें राहत मिल सके। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं इस पूरे मामले पर समिति प्रबंधक श्री चंद्राकर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि धान खरीदी का कार्य राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप ही किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति द्वारा किसी भी प्रकार की मनमानी नहीं की जा रही है और जो भी प्रक्रिया अपनाई गई है, वह शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत है। हालांकि किसानों का तर्क है कि जब एक ही ब्लॉक की अन्य समितियों में अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है, तो सोरम समिति में नियमों का हवाला देकर ढेरी लगाने की बाध्यता क्यों थोपी जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन किसानों की शिकायत पर क्या निर्णय लेता है और सोरम समिति के किसानों को राहत मिल पाती है या नहीं।



**सोसाइटियों में निरीक्षण कर व्यवस्था देखेंगे**

"शासन के नियम में ढेरी लगाने का प्रावधान है लेकिन किसान ढेरी लगा नही रहा है। सभी सोसाइटियों में निरीक्षण कर व्यवस्था देखेंगे।

**लवकेश कुमार ध्रुव,**
पाटन एसडीएम

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर गांव-गांव में हुए विविध आयोजन

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

नंदिनी स्थित श्री सांई महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र प्रेम आत्मनिर्भरता और नैतिक मूल्यों का विकास करना था।

आयोजन का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पर्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय के अवैतनिक निदेशक डॉ. प्रवीण विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। केके प्रसाद ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक पूंजी है और यदि युवा आत्मनिर्भरता स्वदेशी तथा अनुशासन को अपनाए तो देश को नई दिशा मिल सकती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशीला साहू सरपंच नंदकट्ठी ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला। नंदिनी खुंदनी के सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने युवाओं को नवाचार आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया तथा उप सरपंच लोकेश नाहटा ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में पोटिया पंचायत के सरपंच नारायण निषाद और सेमरिया सरपंच के प्रतिनिधि के रूप में मोहित बंजारे भी उपस्थित रहे। छात्रों में प्रेरणा ऊर्जा का संचार करने मैराथन भी हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के मोहन विश्वकर्मा, अमित दीक्षित, तिलस्मी बघेल, प्रीति मलिक, आशीष बीरेंद्र, ऋतु विश्वकर्मा, कमलेश्वर बारले, रितेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### श्री साईं महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस




### रोल मॉडल बनें युवा : डॉ. शोरी



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में डॉ हेडगेवार सदन में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया।दिसंबर 2025 में आयोजित प्रतिभा खोज स्पर्धा के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए। समारोह के मुख्य अतिथि संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशीला शोरी एवं विशेष अतिथि कृषि महाविद्यालय मर्रा के सहायक लाइब्रेरियन प्रवीण साहू ,पूर्व प्र प्राचार्य घनश्याम मंडावी समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ,डॉ के एस देवांगन थे। अध्यक्षता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर नोडल प्राचार्य भारती ने की। अतिथियों ने 169 प्रतिभाशाली विधार्थियो को पुरस्कार वितरण किए। स्वामी विवेकानंद पर निबंध प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से वीणा साहू,उच्चतर माध्यमिक विभाग से उपासना साहू, प्रथम चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से उमंग , माध्यमिक विभाग से तृषा कौशले प्रथम। रंगोली प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से संध्या यादव प्रथम , प्रश्नोत्तरी में पूर्वी बंजारे, रुद्र कुमार साहू,दीक्षा ने पुरुस्कार प्राप्त किया।

### युवाओं ने की रक्तदान की पहल



**पाटन।** ग्राम पंचायत केसरा के तत्वाधान में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती पर उनके महान विचारों और कार्यों को याद करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू और जनपद सदस्य दिनेश साहू ने उनके द्वारा शिकागो सम्मेलन में भारत के वसुधैव कुटुम्बकं संस्कृति को विश्व पटल पर रखते हुए भारत को सम्मान दिलाने की उनकी पहल याद की। युवाओं ने स्वस्फूर्त रक्तदान करने का संकल्प लेते हुए सरपंच डॉ ईश्वर निषाद एवं पंचों के नेतृत्व में रक्तदान में भारी संख्या में सहभागिता निभाई। इस दौरान सरपंच तेजराम सिन्हा,डॉ ईश्वर निषाद,उपसरपंच बसन्त सिन्हा,खेमलाल सिन्हा,गजानन्द सिन्हा, सोहन सिन्हा,टेकराम,मोहित सोनी,सागर सिन्हा,लक्की सिन्हा, नोहर निषाद,टेमन गजेन्द्र, डिकेन्द्र गजेन्द्र,दिपक,खोमेन्द्र ठाकुर सहित युवा शामिल हुए।

### विवेकानंद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जामुल।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल जामुल मे स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ में विवेकानंद जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ प्रचारक दिलेश्वर उमरे एवं नेतराम साहू भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी रेखराम बंछोर, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता सरस्वती शिशु मंदिर के संचालक संजय शर्मा मंडल महामंत्री ओम प्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप राय, दीपक सिंह, किशन गर्ग, बीआर रामटेक, रामचंद्र साहू, राजेश यादव,सोन साय यादव एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## जामुल में जारी है श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा

**जामुल।** शिव शक्ति महिला सार्वजनिक समिति की ओर से सोमेश्वर नाथ मंदिर वार्ड नंबर 4 पुरैना तालाब मंच जामुल में श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा जारी है। पांचवे दिन कथावाचक पंडित



गोविद प्रसाद दुबे (अहेरी वाले) ने श्रीकृष्ण जन्म का कथा सुना कर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथावाचक पंडित श्री दुबे ने अपने कथा में कहा कि भगवान का अवतार सबके जीवन को आनंद मय और सुखमय बनाता है। शिव शक्ति महिला सार्वजनिक समिति जामुल सोमेश्वर नाथ मंदिर वार्ड चार की सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कथा में शिव शक्ति महिला सार्वजनिक समिति के सदस्य चमेली वर्मा, रुपलता ठाकुर, धनेश्वरी वर्मा, सुमित्रा सेन, आरती ठाकुर, व कथा में परीक्षित के रूप में जीवन साहू, श्रीमति खेमीन साहू साहू दंपत्ति उपस्थित रहे एवं पूर्व नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष व वार्ड 4 पार्षद श्रीमति सरोजनी चंद्राकर भी भागवत कथा में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ की खेल संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखे हैं डीड़गा के युवा : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ डीड़गा में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

यंग स्टार क्लब एवं ग्रामवासी डीड़गा के तत्वाधान में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,रमन टिकरिहा पूर्व सभापति,सुलोचना चंदनिहा सरपंच और रणजीत ठाकुर उपसरपंच ने छत्तीसगढ़ महतारी,वीर हनुमान की पूजा अर्चना पश्चात खेल का शुभारंभ किया। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने डीड़गा के युवाओं को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की दूरगामी सोच हमारी छत्तीसगढ़ की खेल, संस्कृति, परंपरा को जीवंत रखे हैं। इस दौरान बृजलाल चंदनिहा, राकेश बांधे, नन्द यादव, उमेंद्र ठाकुर, वासु वर्मा, श्रवण वर्मा, सदाशिव ठाकुर, रामस्वरूप ठाकुर, थानसिंह पटेल,चंद्रहास धनकर,रूपेश साहू,राजा ठाकुर,दुकालू निषाद,विनय ठाकुर और विवेक पटेल उपस्थित थे।



## क्रिएटिविटी मेला का आनंद लिया लोगों ने

**सेलूद।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत औंसर में वर्ल्ड ऑफ डिज़ाइन एवं थिएटर क्रिएटिविटी मेला का सफल आयोजन किया गया। इस रचनात्मक मेले में आसपास के विभिन्न गांवों से चयनित 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, संचार, सहयोग, समस्या समाधान,प्रतिभा को विकसित करना था। मेले के दौरान बच्चों ने डिज़ाइन व थिएटर से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत औंसर की सरपंच प्रियलता महिपाल रहीं। साथ ही हेल्थ केयर सेंटर हेड कोमल साहू, क्रिएटिविटी क्लब कोऑर्डिनेटर सूर्यकांत देशमुख, अश्वनी सेन एवं यशवंत साहू की उपस्थिति रही।

## सांदीपनी एकेडमी अछोटी में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन

# एआई के इस्तेमाल को लेकर दिया मार्गदर्शन, पढ़े गए शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा/नंदिनी

सांदीपनी एकेडमी अछोटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस का प्रारंभ तकनीकी सत्र से हुआ, जिसके अंतर्गत रिसोर्स पर्सन डॉ. नीरूपमा शर्मा ने इंडियन फिलोसोफिकल स्कूल (न्याय, मीमांसा, सांख्य) एण्ड लॉजिक फॉर ए रीजनिंग प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए, जिसे प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया। तत्पश्चात विभिन्न शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।द्वितीय दिवस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. बी. रघु विशिष्ट अतिथि डेकेश्वर वर्मा, विशेष अतिथि डॉ. अंकित राजपाल एवं डॉ. शिशिरकर्णा भट्टाचार्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. वी. रघु ने अपने वक्तव्य में शिक्षा, संस्कृति और तकनीक समन्वय को ही राष्ट्र निर्माण की सशक्त आधारशिला की संज्ञा दी। विशिष्ट अतिथि डेकेश्वर वर्मा ने ऐसे अकादमिक आयोजनों को ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास का प्रभावी माध्यम बताया। संगोष्ठी के सफल आयोजन में संस्था के डायरेक्टर महेंद्र चौबे, मुख्य संरक्षक डॉ. दिव्या शर्मा ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की रिपोर्ट प्राचार्य डॉ. स्वाति श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत की गई। आयोजन सचिव डॉ. गुंजन शर्मा ने समापन सत्र रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशासनिक अधिकारी सुधीर तिवारी एवं तकनीकी सहयोग में डिगेश साहू, जीतेश साहू का विशेष योगदान रहा। डॉ. प्रियंका तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संपूर्ण संगोष्ठी का मंच संचालन सह संरक्षक डॉ. रोली तिवारी, भावना क्षत्रिय, मीना पांडेय एवं डॉ. प्रियंका तिवारी ने किया।



## अंचल की खबरें

### रामायण प्रतियोगिता में शामिल हुए जन प्रतिनिधि



**जामगांव आर।** मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन जामगांव आर औरीं, रिवागहन, बेल्हारी और आगेसरा में किया गया। गातापार में लोककला महोत्सव एवं रामायण मानसगान प्रतियोगिता 9 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित की गई। यहां सांसद विजय बघेल, विधायक भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू नेताओं ने भागीदारी दी। रामायण प्रतियोगिताओं में गुमान साहू, कोवेंद्र साहू, कुंजेश चंद्राकर, कृषलाल साहू,रेवाराम साहू, रूपेंद्र शुक्ला, रामकुमार चंद्राकर, कन्हैया साहू, पंकज साहू, नूतन कुमार साहू, नोमेश साहू, टिकाराम साहू, भगवानसिंह चंद्राकर, खिलावन यादव, राकेश शर्मा, योगेंद्र साहू, गुलाब साहू, रमाकांत साहू, तीरथ पटेल, भानुप्रताप साहू, संतोष साहू, धन्नू साहू, रोमा, योगेशकिरण साहू, अभिषेक सेन, कमलेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### श्री राम कथा व पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू



**अंडा।** ग्राम पीसेगांव में सात दिवसीय श्रीराम कथा और पांच कुंडीय गायत्री नवग्रह शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन 108 कलशों के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें युग आवाहन के गीत और श्री राम के जयकारों से गांव गूंज उठा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए, जिन्होंने पीले वस्त्र धारण कर कलश को सिर पर धारण किया और यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा जिसमें 12 जनवरी को विशेष कार्यक्रम के तहत दीप महायज्ञ शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक किया जाएगा। और 14 जनवरी को गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति व श्रीराम कथा का समापन 1:00 बजे तक किया जाएगा।

### वैष्णव समाज ने मनाई रामानंदाचार्य जयंती



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम कसही मे जगतगुरु श्रीरामन्नदाचार्य जयंती का आयोजन शनिवार को श्रीराम जानकी मंदिर मे वैष्णव समाज दक्षिण पाटन वैष्णव मंडल के द्वारा किया गया। मुख्य अथिति पूरणदास वैष्णव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा थे। अध्यक्षता विशेष गजानंद वैष्णव दुर्ग मंडलेश्वर, विशेष अतिथि सेवानिवृत एसआई चिंतामणि वैष्णव,पूर्व महामंडलेश्वर भारत दास वैष्णव, समाजसेवी रजनीश दास, रामवैष्णव सुरेंद्र वैष्णव और ऋषि दास वैष्णव थे। कार्यक्रम मे भेलवाकुदा रामायण समिति मंडलियों का मंचन हुआ। वही अतिथियों द्वारा समाज के मेघावी विद्यार्थियो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडलेश्वर मुरली दास वैष्णव व मीडिया प्रभारी कुलदीप वैष्णव ने किया। इस अवसर पर मंडलेश्वर मुरली दास वैष्णव, उपमंडलेश्वर मुरली दास वैष्णव, तुलसी वैष्णव, रोमन वैष्णव, खिलावन वैष्णव, पीतांबर वैष्णव, मनेंद्र वैष्णव, संतोष वैष्णव, तरुण वैष्णव, कोमल वैष्णव, खोमेश्वर वैष्णव, खिलावन, कोमल,लोमेश वैष्णव,कुंती वैष्णव, सीतावैष्णव आदि उपस्थित थे।

### जेकेपीएल क्रिकेट लीग, टाइगर्स की 72 रन से जीत



**नंदिनी अहिवारा।** जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट में जेकेपीएल क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के फाइनल मैच में रोमांचक मुकाबला हुआ। महीने भर तक चलने वाली इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में टीम टाइगर्स ने टीम बुलर्स को 72 रन से हराया। प्रथम बैटिंग करते हुए टीम टाइगर्स ने 162 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में बुलर्स की टीम 90 रन ही बना पाई। साहिल ठाकुर ,प्रवीण सिंह एवं महेंद्र वर्मा को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शनों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने जेके लक्ष्मी सीमेंट चेयर पर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विनीता सिंघानिया के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से होने वाले आयोजनों की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन मानव संसाधन विभाग के प्रमुख शिरीष शुक्ला ने दिया। आयोजन में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष वर्क्स मुकुल श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू सहित सभी विभाग प्रमुख वरिष्ठ अधिकारी , खिलाड़ी सहित संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।

# आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भाजपा नेता व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनीष पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और जीवन दर्शन से युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान पाण्डेय ने कालीबाड़ी मंदिर में भगवान के दर्शन किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, तिलकराज यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर ट्विनसिटी में हुए विविध आयोजन




### वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में विवेकानंद जयंती मनाई



**भिलाई।** वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर माल्यारोपण कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू राम सिंह, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, पार्षद मनीष यादव, लेख राम वर्मा, कल्याण सिंह साहू, परमेश्वर महिलांग,लखन साहू, शकुंतला यादव,चमेली सिन्हा, शकुंतला दास, ललिता सिंह, मंदीप प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

### विवेकानंद के विचारों से राष्ट्रभाव का संचार



**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय, भिलाई-3 में राष्ट्रीय युवा दिवस असै स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह व प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री हिमांशु कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने की। मंच संचालन डे साहब साहू नगर मंत्री भिलाई 3 ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य वक्ता हिमांशु कौशिक ने स्वामी विवेकानंद को भारत की सनातन परंपरा को पूरे विश्व में पहुंचाने वाला महान विचारक बताया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजानंद साहू , नेतृत्व वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं को देता है मार्गदर्शन

**दुर्ग।** युवाओं के प्रणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दुर्ग शहर में स्वामी विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर दुर्ग तथा साइंस कॉलेज दुर्ग परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीपदान, पुष्प समर्पण, मार्त्यापण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम संचालक संकल्प समर्पित सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष ब्रम्हा तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शन देता हैं। कार्यक्रम में प्रहलाद निर्मलकर, अरबाज कुरैशी, भूपेन्द्र माण्डले, याशिन खान, इन्द्रजीत चंद्राकर, शुभम सोनी, ईशु साहू, भारत भूषण, देवव्रत वर्मा, तरुण साहू आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### शव मिला, पुलिस ने की शिनाख्त

**भिलाई।** रविवार देर रात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि युवक का नाम सूर्यकांत देवांगन धमतरी निवासी है। मानसिक रुप से बीमार था। शव जियो पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला। शव को पीएम के लिए पुलिस ने भेज दिया और देर रात शव का शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। पीएम होने के बाद सूर्यकांत की मौत हार्ट अटैक से होना बताया गया है। युवक की उम्र 30 वर्ष है। घटनास्थल पर युवक की शर्ट खुली हुई थी और बेल्ट भी खुली मिली। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए थे।

### ब्लास्ट फर्नेस 4 ने हॉट मेटल उत्पादन में रचा कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 4 को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का अपना सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया। इस दिन फर्नेस ने 3,152 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया, जो दिसंबर, 2025 को बनाये गए 3,101 टन के अपने पूर्वतम सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर गया। उत्पादन के रिकार्ड पर ब्लास्ट फर्नेस 4 में एफएफसीआर में केक काटकर मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव और कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीनिवास गुज्जू आदि उपस्थित थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस4 के प्रदर्शन में दिखाई दे रही लगातार वृद्धि प्रशंसनीय है।

## सेक्टर 4 में सीटू के सम्मेलन में कई अहम प्रस्ताव पारित

# बीएसपी के निजीकरण सहित श्रम संहिता के खिलाफ तेज होगी श्रमिकों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**हड़ताल के लिए कर्मचारियों और मजदूरों को करेंगे एकजुट, नहीं होने देंगे से.9 हॉस्पिटल का निजीकरण**






हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू का सामान्य सम्मेलन इस्पात क्लब सेक्टर 4 में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तपन सेन सहित यूनियन के स्थानीय पदाधिकारी व अनेक सदस्य उपस्थित थे। सम्मेलन में सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और सेल कर्मियों के वेतन समझौत सहित कई मुद्दों को लेकर अनेक अहम प्रस्ताव पारित किये गए। केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 12 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल का समर्थन कर सफल बनाने पर जोर दिया गया।

सम्मेलन में यूनियन नेताओं ने पारित सभी प्रस्तावों पर अमल कराने के लिए मजदूरों व लोगों को एकजुट करने की अपील की। सेल कर्मियो के अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने, केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी लेबर कोड की वापसी, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने के प्रस्ताव पारित किए गए। साथत ही वेतन समझौता सहित लंबित मुद्दों को जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर निदान की मांग की गई।अफॉर्डेबिलिटी क्लॉज और एनजेसीएस के सर्वसम्मति के परिपाटी को ताक पर रखकर एमओयू में तीन यूनियनों द्वारा किए गए हस्ताक्षर का सहारा लेकर प्रबंधन 39 महीने के एरियर्स को देने से मना कर रहा है और इस समझौता यहीं समाप्त कर अगले वेतन समझौता के बारे में बातचीत शुरु करने की की बात कर रहा है।। प्रबंधन के इस बात को मान लेने से हमेशा के लिए एरियर्स और अन्य सुविधाओं से कर्मियों को हाथ धोना पड़ेगा।

लेबर कोड के अधिसूचित होने के साथ ही आने वाले दिनों में वेतन समझौता के लिए बनाई गई द्विपक्षीय वार्ता समितियां भी खतरे में पड़ जाएगी। सम्मेलन में सरकार और प्रबंधन के मजदूर विरोधी निर्णय के खिलाफ 12 फरवरी को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल के संदेश को हर कर्मी तक पहुंचाने और उसे सफल बनाने के लिए हर तरह से कार्य करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सीटू महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष एसपी डे ,महासचिव डीवीएस रेड्डी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मजदूर विरोधी है श्रम संहिता

श्रम संहिता के लागू होते ही 80% मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर होने के साथ फैक्ट्री की परिभाषा बदल जाएगी। न्यूनतम वेतन की गारंटी खत्म हो जाएगी। महिलाओं को रात्रि पाली में भी काम करने के लिए मजबूर किया जाएगा। मजदूरसामाजिक सुरक्षा से दूर होते चले जाएंगे। काम के घंटे की परिभाषा बदलते हुए 12 घंटा काम करवाने को कानूनी मान्यता मिल जाएगा। मजदूर गुलामी की तरफ बढ़ जाएगा।

### बीएसपी में आउटसोर्सिंग बंद हो

सम्मेलन में बीएसपी के कई विभागों तथा अस्पताल, स्कूल, मैत्री गार्डन जैसे वेलफेयर इकाइयों के आउटसोर्सिंग कर निजीकरण के तरफ ले जाने का विरोध किया गया है। सीटू नेताओं ने बताया कि बीएसपी में वर्तमान में मात्र 10000 कर्मचारी ही बचे हैं। 25000 से ज्यादा ठेका श्रमिक संयंत्र में काम कर रहे हैं। प्रबंधन धीरे-धीरे संयंत्र के अंदर अलग अलग विभागों के कुछ हिस्से को आउटसोर्स में देना प्रारंभ किया है । पूरे संयंत्र को ही निजी हाथों में देने की तरफ बढ़ाया जा रहा है। निजीकरण के खिलाफ लोगों को संगठित करते हुए मजबूती से संघर्ष चलाने का निर्णय लिया गया।

# विद्यार्थियों ने मनमोहक चित्रों से सुरक्षा जागरुकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सेक्टर 8 स्थित सुनीति उद्यान में वार्षिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने की।

इस अवसर पर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, महाप्रबंधक एस सुनोव, पीएम राजेन्द्र कुमार, बीआर पांडा, यूवी सुभद्रा, जे.टी. दासन व एसके महतो आदि उपस्थित थे।

■ बीएसपी की ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के स्कूली बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों तथा अभिभावकों/पालकों सहित 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ड्राइंग एवं पेंटिंग के विषय एक्सटेम्पोर प्रकृति के रहे, जिन्हें स्थल पर ही घोषित किया गया। ड्राइंग शीट्स सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गईं। प्रतिभागियों ने सामान्य सुरक्षा, अग्नि एवं गृह सुरक्षा, रेल एवं सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा औद्योगिक सुरक्षा का संदेश दिया।

### प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

चयनित ड्राइंग और पेंटिंग्स का प्रदर्शन 19 जनवरी से 23 जनवरी तक इंदिरा नेहरू आर्ट गैलरी में किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।राकेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा जागरूकता की शुरुआत बाल्यावस्था से होनी चाहिए तथा इस प्रकार के रचनात्मक मंच जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार शुक्ला और एचके गुप्ता ने किया।

# हेमचंद विवि बॉस्केट बाल टीम अभा स्पर्धा के लिए क्वालीफाई




**भिलाई।** कोलकाता में हुए ईजेडआईयू इंटर यूनिवर्सिटी बास्केट बाल टूर्नामेंट में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी पुरुष ने फायनल जीत कर आल इंडिया ईस्ट जोन बास्केट बाल पुरुष टीम इंटर जोनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विजेता टीम के खिलाड़ियों में कप्तान प्रणय तिवारी सहित विशाल सिंह शेख अरमान अली अमृत सिंह, यश राय, निकोलस, आयुष्मान सिंह, शिवम दुबे, प्रशांत पति, त्रिपाठी, तुषार, नमन निरवाल और यश साहू शामिल थे। कोच पंकज पांडेय व मैनेजर कैलाश नारायण वर्मा थे। प्रतियोगिता में द्वितीय यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता व तीसरा स्थान संबलपुर विवि को मिला।

### निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और भिलाई उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने भिलाई में उद्योगों पर लगाए जा रहे निर्यात कर के संबंध में नगरीय निकाय सचिव डॉ. बसवराजु एस तथा दुर्ग जिलाधीश अभिजीत सिंह से चर्चा की। चेम्बर पदाधिकारियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण है। उद्योग पहले से ही आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त कर का बोझ उत्पादन और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र समाधान निकालते हुए उद्योगों को राहत प्रदान की जाए। नगरीय निकाय सचिव और जिलाधीश ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही पहल की जाएगी और शासन स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर उद्योगों को राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है खेल : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ग्राम डूमरडीह में अक्सा इलेवन द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उमरपोटी और खेदामारा टीमों के बीच खेला गया। इसमें उमरपोटी की विजयी रही। विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हमें हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, पार्षद सोनू राजपूत, शिव ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, फत्तेलाल वर्मा, चंद्रहास चेलक आदि उपस्थित थे।

■ ग्राम डूमरडीह में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन




## विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने किया प्रेरित

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने दुर्ग जिले के 115 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 115 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित थे। छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने



एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने तथा देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जिला दुर्ग ने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने, अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति सम्मान बनाए रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरदीप सिंह दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिंघारा सिंह सोढ़ी कोषाध्यक्ष दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिकंदर सिंह, दीपक चोपड़ा, हरदीप सिंह, गुरसिमरन सिंह, तनवीर अकिल जिला क्रीड़ा अधिकारी दुर्ग), शफी तथा प्रभा वर्मा प्राचार्य श्री महावीर जैन स्कूल दुर्ग का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन अनीस राजा द्वारा किया गया। शेफाली सोनी प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी अल्पसंख्यक आयोग शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह तथा गुलनाज बानो सहायक नोडल अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


**बाजारों में आई लड्डू की अलग-अलग वैरायटी**



## लाइव इवेंट

### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रादेशिक सम्मेलन 25 को, सम्मेलन में जुटेंगे लोग



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक पं. सुंदरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भवन सेक्टर 7 में आयोजित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, सरयूपारीण ब्राम्हण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव, मृदुला शुक्ला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सरयूपारीण, कान्यकुब्ज, सनाढ्य, गौड़, मैथिली ब्राह्मण, पंजाबी ब्राह्मण, तमिल ब्राह्मण, जिझौतिया, गुजराती ब्राह्मण, आंध्र ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान शशिकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कहा 25 जनवरी को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रादेशिक सम्मेलन, सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन सतनाम भवन दुर्ग में 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूरे प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशों से भी ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी विप्र बंधुओं से इल विशेष आयोजन में उपस्थित होकर विप्र समाज को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की बाते कही। सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के अंतर्गत कई प्रदेश के भाषा भाषी ब्राह्मण परिवार आते हैं और समाज को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हमें एक होकर कार्य करना है। प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश से इस कार्यक्रम में अपनी सभी सदस्यों का आगमन होगा। तन, मन, धन से जुड़े, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला ने भी सभी मातृ शक्ति से कार्यक्रम उपस्थित रहने को कहा है। बैठक को डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, राकेश शुक्ला, रविन्द्र मिश्र, हरिशंकर चतुर्वेदी, रमेश शर्मा, प्रीति बेहरा, स्वीटी कौशिक ने भी संबोधित किया। ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, चंद्रशेखर द्विवेदी, अरुण पंडा, रामलखन मिश्र, रविन्द्र मिश्र, रत्ना नार्मदेव, प्रदीप भट्टाचार्य, कौशिक दवे, दिनेश पंड्या, डॉ गणेश पाण्डे, सत्येंद्र बहादुर तिवारी, किशोर तिवारी, उर्मिला उपाध्याय, सुनीता तिवारी, दीपक मिश्रा, अनुपमा शुक्ला, राजीव पांडे, शुभम शुक्ला, अंजना शांडिल्य, राजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे। अंत में संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।



## सिटी इवेंट

### छोटे-बड़े के भेद को खत्म कर देता है मित्रता का गुण, बांटी गई महाप्रसादी





**भिलाई।** सर्व हिंदू समाज भागवत कथा समिति द्वारा सत्यनारायण धर्मशाला न्यू खुर्सीपार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन सुबह हवन, पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस अवसर पर व्यासपीठ से महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। उसके बाद शुरू हुए हवन में सर्वसमाज के लोगों ने आहुतियां समर्पित कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

समिति के प्रमुख शिरीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल ने बताया कि हवन के बाद दोपहर 1 बजे से महाभंडारा हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। कथा में सभी समाजों के सदस्यों, नागरिकों और युवाओं ने सहयोग प्रदान किया। आखिर में सभी को सम्मानित किया गया। शाम को श्रीराधाकृष्ण मंदिर में भगवान की आरती की गई। महंत गोपाल शरण देवाचार्य ने कहा कि सच्ची मित्रता में न तो कोई छोटा होता है और न बड़ा। मित्रता का गुण ही होता है, जो छोटे-बड़े के भेद को खत्म कर देता है। सुदामा की तरह हर जीव के सच्चे मित्र भगवान श्रीकृष्ण हैं। इसलिए उनमें ही मन लगाना चाहिए। आप सुदामा की तरह समर्पित होंगे तभी श्रीकृष्ण जैसे मित्र मिलेंगे। महंत गोपालशरण ने दत्तात्रेय संवाद पर कहा कि श्रीमद् भागवत धर्म है। जीव अपने मन, वाणी और इंद्रियों से जो भी काम करे, उसे भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अर्पित कर देना ही भागवत धर्म है।

**● सूर्य 15 को होंगे उत्तररायण, मंदिरों में होंगे भजन कीर्तन और हवन**

# तिल और गुड़ की खुशबू से महके ट्विनसिटी के बाजार, हो रही खरीदारी, संक्रांति पर मंदिरों में होगी विशेष पूजा, होगा स्नान-दान


**सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का पर्व मकर संक्रांति सभी जाति और समुदायों द्वारा अपने अपने रिति-रिवाजों के अनुरुप मनाया जायेगा। इस अवसर पर ट्विनसिटी में रहने वाले सभी धर्म और समाजों दवरा कई आयोजन किये जायेंगे और मंदिरों में विशेष पूजा भी की जाएगी। इस पर्व को ध्यान में रखते हुए गुड़, तिल, लाई, मुर्रा का बाजार सजकर तैयार है। लोग इन चीजों की खरीददारी भी शुरू कर दिए हैं। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करेंगे। तिल-गुड़ का सेवन भी करेंगे। 14 जनवरी को मनाया जाने वाला मकर संक्रान्ति पर्व इस बार ग्रहों और सूर्य के अनुसार 15 जनवरी को ही मनाया जायेगा। पावर हाउस में दुकानदार बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार तिल और गुड़ के दामों में इजाफा हुआ है।**

**भिलाई।** मकर संक्रांति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें दिन पड़ता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल उत्सव के रूप में जाना जाता हैं। बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व 'तिला संक्रांत' नाम से भी प्रसिद्ध है।

मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। 14 या 15 जनवरी के बाद से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। मकर संक्रांति से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर बढ़ना शुरू करता है। जिसे शुभ माना जाता है। यह सर्दी के कम होने और नई फसल का प्रतीक है। जिसे प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस पर्व पर तिल, गुड़, अनाज, कपड़े आदि का दान करना शुभ माना जाता है। तिल के लड्डू, रेवड़ी बनाए और खाए जाते हैं, जो शरीर को गर्मी और ऊर्जा देता है।



### 15 को मनाया जाएगा पर्व, बाजार में बढ़ी हलचल, युवा लेंगे पतंगबाजी का आनंद



संक्रांति पर युवाओं, बच्चों द्वारा पतंगबाजी का आनंद लिया जाएगा। इसे देखते हुए बाजार में विविध तरह के पतंग आने लगे हैं।



### मंदिरों में होगी पूजा

संक्रांति पर मंदिरों में विशेष पूजा की जाएगी। भगवान को तिल, मूंगफली से तैयार लड्डू के भोग लगाए जाएंगे। इस दिन श्रद्धालु भक्त मंदिर पहुंच कर दर्शन, पूजन के बाद भगवान को तिल, मूंगफली के लड्डू चढ़ाएंगे।



### बाजारों में तिल और गुड़ की बढ़ी बिक्री

संक्रांति पर्व से पहले शहर की किराना दुकानों के साथ ही हाथ ठेलों पर गुड़ और तिल की अच्छी-खासी बिक्री होने लगी है। सफेद तिल 180 रु केजी से लेकर 200 रुपए किलो की दर पर बेचा जा रहा है। वहीं गुड़ 50 से 60 रुपये किलो तक बिक रहा है। वहीं पावर हाउस में दुकान लगाने वाले बाबू लाल गुप्ता ने बताया कि वे खुद तिल के लड्डू सहित सभी सामान खुद बनाकर बेचते है। इस बार तिल के लड्डू 70 से 80 रु पाव, करी लड्डू 50 रु पाव, फल्ली लड्डू 60 रु पाव, मूर्रा लड्डू डेढ़ सौ रु केजी बिक रहा है। सभू दुकान वाले अपने हिसाब से बेच रहे है। वहीं जैविक गुड़ की भी बाजार में बिक्री हो रही है।

# भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ में निर्विरोध बने पदाधिकारी, ली शपथ

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के चौथे प्रबंधकारिणी समिति का त्रैवार्षिक कार्यकाल 2026 से 2029 तक के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर वैशाली नगर के पूर्व विधायक स्व विद्यारतन भसीन की पुत्री दिव्या भसीन, पार्षद संतोष मोर्या सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमोल दास साहू और सहायक चुनाव अधिकारी प्रवीण पांडेय द्वारा विधिवत चुनाव का संचालन किया गया। इस दौरान 1 जनवरी से लेकर 11 जनवरी तक जारी सभी आजीवन संरक्षक और सदस्यों की मतदाता सूची का प्रकाशन और बिना किसी दावा आपत्ति के निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया गया। 12 उम्मीदवारों में निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारिणों को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरित किया गया।






शपथ ग्रहण समारोह में दिव्या विद्यारतन भसीन द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। समारोह में पार्षद संतोष मौर्या, रतन लाल गोयल, खिलावन सिंह साहू, एम. एल. कश्यप, सेवाराम सहित नव निर्वाचित पदाधिकारी उपस्थित थे। महासंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष गजानन्द साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंग सहगल, मंदावासनकर, महासचिव महेंद्र कुमार सोनवानी, कोषाध्यक्ष राजेकुमार पदमवार, संयुक्त सचिव धनीराम साहू, कार्यकारणी सदस्य बाबूलाल साहू, स्वदेश कुमार शुक्ल, प्रमिला यादव, सुखीराम जांगड़े, जियालाल चौधरी, किशन लाल सोनी 2026 से 2029 तक के लिये शपथ ग्रहण किया।



# हुडको कालीबाड़ी में फूड फिएस्टा

**भिलाई।** आमदी नगर हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी परिसर में रविवार को शाम फूड फिएस्टा का आयोजन किया गया। 6 बजे से से आयोजित इस कार्यक्रम में महिला व पुरुषों द्वारा अलग-अलग व्यंजनों के कई स्टाल लगाए गए थे। समिति द्वारा सभी स्टाल लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था ताकि वे अपने स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन कर सके।



## कोहका भिलाई में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन रामायण चौक कोहका, भिलाई में मां सरस्वती पूजा और रामायण उत्सव समिति के तत्वावधान में किया गया। आयोजन के 6वें वर्ष में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई प्रतिष्ठित मानस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। आयोजन के माध्यम से मानव जीवन को भौतिकता से ऊपर उठाकर भगवान श्रीराम की भक्ति और रामचरितमानस के सत्संग से जोड़ने का संदेश दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, कन्हैया सोनी, विवेक, गोपाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय मानस गान स्पर्धा में महिला और पुरुषों ने दिखाई अपनी कला, हुए सम्मानित



### रहे उपस्थित, प्रसाद किया ग्रहण

कार्यक्रम में आयोजन समिति के संरक्षक अनिल सोनटके, दिनेश महशके, भावेश साहू एवं बी. एल. साहू, अध्यक्ष डाकेश्वर जंघेल, उपाध्यक्ष आर. जी. साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेश सिन्हा, गुलाब साहू, सचिव अजय सिन्हा सहित समिति के सदस्य गौरेन्द्र वर्मा, मुकेश साहू, सुरेंद्र साहू, धर्मदास, राकेश, सोनू, संजय, रोहित सहित सदस्यों का योगदान रहा। आयोजन में लगभग एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मानस गान का आनंद लिया एवं भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



### यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए थे। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार जय मां चिलडबरी महिला मानस मंडली, कोड़ेवा बालोद, द्वितीय वंदना महिला मानस मंडली बालोद और तृतीय पुरस्कार जय मां अनुसुईया महिला मानस मंडली धमतरी को मिला। वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार बाल मानस मंडली, चरोदा भिलाई, द्वितीय नवनीत मानस मंडली कुथरेल दुर्ग, तृतीय सुर सिंगर मानस परिवार गातापार और चतुर्थ पुरस्कार जागृति मानस मंडली, जामुल भिलाई को प्रदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विधाओं में विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिसमें संगीत के लिए जय मानस परिवार बालोद, व्याख्या के लिए चंदन मानस मंडली धमतरी, तबला में जय तुलसी मानस मंडली कुरूद भिलाई, बैंजो में अवध रघुनंदन मानस परिवार, नगरी और हारमोनियम में कृष्ण मानस मंडली बेमेतरा को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में गुवालचंद सिन्हा कोहका और संगीत के कमल नारायण वर्मा बोरी रहे। मंच संचालन पवन कुमार सिन्हा द्वारा किया गया।

स्पोर्ट्स लाइव

## 58वीं राष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा में छग पुरुष और महिला टीम लेंगी हिस्सा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ और बीएसपी खो खो क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला खो खो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन और समापन बीएसपी खो खो क्लब सेक्टर 4 में किया गया। जिसमें छग महिला एवं पुरुष टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 15-15 खिलाड़ियों के चयन की घोषणा की गई। समापन और किट वितरण समारोह में छग एमेच्योर खो खो संघ उपाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ सुरेश कुमार शर्मा, पी बी सक्सेना, डॉ रुचि सक्सेना, अब्दुल रहीम खान, विलियम, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ साक्षी श्रीवास्तव, शिखा रॉय सिंह युवा शामिल हुए।

कार्यक्रम में खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला और देवेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। संघ के पूर्व संयुक्त सचिव सचिन डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों को ट्रैकसूट और लॉयंस क्लब ऑफ दुर्ग विजन द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्लेइंग किट प्रदान किया गया। छग टीम आगामी 58वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ खो खो प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला काज़ीपेट, तेलंगाना में 11 से 15 जनवरी तक राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

महिला टीम में झमिता साहू, पायल पटेल, कुसुम मांझी, नम्रता यादव, देवयानी यादव, उमा साहू, सिमरन देशलहरा, पायल साहू, चित्रा, डॉली ठाकुर, अंजना, रूखमणि, अनुराधा मरकाम, हिना, युक्त सिंह, टीम के कोच पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ज़फ़र सिद्दीकी एवं मैनेजर बुधनी कश्यप, सहायक कोच ज्ञानेश्वरी साहू और पुरुष टीम में अंकुश सिंह, लक्षद्वीप, अभिषेक, दुर्गेश,गौरव, लखु राम, राहुल, कीर्तन, ओमप्रकाश, रामेश्वर, हेमंत, तरुण, विनायक, अमीर, ईश कुमार टीम के कोच मुरली रेड्डी, सहायक कोच गजेन्द्र कुमार है।



● प्रसाद यानि प्र से प्रभु, स से सरल या साक्षात व द से दर्शन, प्रसाद का अर्थ ही प्रभु के साक्षात दर्शन

# प्रभु की भक्ति के लिए विश्वास, संबंध और समर्पण जरूरी, सत्य और अटल का प्रतीक ध्रुव तारा : आचार्य

भिलाई। भागवत में लिखा है कि ध्रुव ने नारायण के दर्शन नहीं किया, अपितु नारायण ने ध्रुव के दर्शन किए। क्योंकि भक्त ध्रुव के पास नारायण यानी अपने प्रभु के प्रति विश्वास, संबंध व समर्पण के भाव थे। इसलिए सनातन धर्म में जब विवाह होता है तो ध्रुव तारा दिखाया जाता है क्योंकि वह सत्य और अटल का प्रतीक माना जाता है। भक्ति के संदर्भ में यह बातें आचार्य पं संदीप तिवारी ने कहीं। उन्होंने धार्मिक स्थानों में मिलने वाले प्रसाद की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रसाद यानी प्र से प्रभु, स से सरल या साक्षात व द से दर्शन, प्रसाद का अर्थ ही प्रभु के साक्षात रुप में दर्शन करना होता है।प्रेम नारायण सेवा समिति एवं सम्प्रति सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस की कथा में आचार्य संदीप तिवारी बताया कि भक्ति के लिए तीन बातें होना जरूरी है, पहला विश्वास, दूसरा संबंध और तीसरा समर्पण। जिससे हमारा जीवन कृतार्थ हो जायेगा। उन्होंने बताया कि जैसे बंदर का बच्चा छलांग लगाते समय अपनी मां को जितने विश्वास के साथ पकड़कर रखता है ठीक कैसा ही विश्वास हमें भगवान पर होना चाहिए। उसी प्रकार एक बिल्ली अपने दांतो से चूहा पकड़ती है और उसी दांतो से अपने बच्चों को पकड़कर ले जाती है, जो यह दर्शाता है कि संबंध जैसा होगा वैसे ही आपकी भक्ति होगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु भक्ति के लिए समर्पण किसान के जैसा होना चाहिए। जिस प्रकार किसान खेत में बीज को डालता है उसे यह विश्वास रहता है कि मैं खेत मे बीज डाल रहा हूं, यह एक दिन अच्छी फसल के रूप में मिलेगी। कहने का तात्पर्य यह है कि भक्ति में समर्पण बहुत जरूरी है। सोमवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।



### ध्रुव की भक्ति से हुए थे नारायण दर्शन

कथा ध्रुव चरित्र कथा में बताया कि ध्रुव की दो सुनीति व सुरुचि थी। माता के कहने पर मात्र 6 साल के ध्रुव नारायण प्राप्ति करने जंगल तपस्या करने निकल पड़े। जहां नारद ने कहा कि तुम इतने छोटे से हो और तुम अपनी मां के बिना नहीं रह सकते जो तुम्हें खाना खिलाती है तो तुम्हें जंगल में क्या मिलेगा। तब सुनीति पुत्र ध्रुव ने कहा कि जब मेरे दांत नहीं थे तब भगवान ने मुझे मां का दूध दिया और जब दांत दिए तब भोजन की व्यवस्था की। तो में जब जंगल जाऊंगा तब मेरे गोविंद जरूर मेरा ध्यान रखेंगे। छोटे से बालक की नारायण के प्रति आस्था देखकर नारद प्रसन्न हुए।



### आत्मा को बंधन में रख सकते हैं मन को नहीं

आचार्य ने कथा की व्याख्या करते हुए बताया कि माता देवहूति ने पुत्र कपिल से पूछा कि बंधन मन का होता है या आत्मा का। तब कपिल ने कहा कि आत्मा का बंधन नही होता और मन का बंधन अवश्य होता है जिसका सरल तरीका है गोविंद का कीर्तन करों, कथा को सुने। मानव की पांच ज्ञानेन्द्रिया व पांच कर्मेन्द्रियां अपनी अपनी ओर खींचती है इसलिए आंखो से देखना हो तो फिल्मों के हीरो हीरोईन नहीं ईश्वर के अनेक रूपों को देखो, कानों से अच्छे भजनों को सुनों और जीभ से अच्छे पदार्थों का सेवन करो। जीभ को यदि रसगुल्ला पसंद हो तो उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करो। कथा को सुनने आसपास सहित कोरबा, भोपाल, राजिम, खैरागढ़ और अन्य राज्यों से भी भक्त पहुंच रहे हैं।

### दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु

श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन देवहूति व कपिल कथा का विस्तार, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, ऋषभदेव जड़ चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार व अजामिल कथा के प्रसंगों का विस्तार से व्याख्या आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य यजमान अमित सपना श्रीवास्तव और सुशांत नीलम सिंह सहित जिला द्वारा आरती की गई। कथा में प्रतिदिन पंडितो द्वारा भागवत कथा का पारायण कर रहे हैं। रविवार को काफी संख्या में कथा का शर्ण करने आसपास सहित दूर दराज से भी लोग पहुंचे थे। कथावाचक ने बताया कि आत्मा को बंधन में रख सकते है मन को नही। कथावाचक ने कथा के दौरान बताया कि भगवान विष्णु भक्त ध्रुव ने भगवान नारायण की ऐसी भक्ति की, जिसे देखकर स्वयं नारायण को भक्त ध्रुव के दर्शन करने आना पड़ा। उसी प्रकार अजामिल कि भी भक्ति से भगवान प्रसन्न हुये। भक्त प्रहलाद ने भी भगवान को अपने भक्ति से प्रसन्न किया।

सिटी इवेंट

## हिंदी को वैश्विक मंच पर बनाएं सशक्त : पवन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन कार्यपालक निदेशक सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे व विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर थे।

■ बीएसपी में विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम

समारोह में ऑनलाइन माध्यम से संयंत्र के कार्यपालक निदेश, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, समस्त विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के दीप प्रज्जवलन बाद महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि स्वागत किया। ज्ञान पर भारत के पोस्टर का विमोचन किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक राजीव कुमार ने दिया। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी को राष्ट्रीय स्तर से आगे बढ़ाकर वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। हिंदी भाषा पर केंद्रित काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग एसोसिएट (कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग) विजेन्द्र कुमार वर्मा, तकनीकी प्रशिक्षु विक्रय कार्यालय) सुश्री गरिमा चन्द्रा, तथा प्रबंधक (पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड- रायपुर उपकेन्द्र, कुम्हारी) डॉ. श्रुति तिवारी ने सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी द्वारा किया गया।

बेहतर कार्य के लिए सम्मान

# सामाजिक एकता का महापर्व, भिलाई के 84 समाजों को दिया आमंत्रण

**भिलाई।** भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन 26 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है। 25वें वार्षिक उत्सव को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश के तेलुगू भाषी समाज को आमंत्रित किया गया है।



इस आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी भिलाई पहुंचे। उन्होंने भिलाई के 84 समाज के प्रतिनिधियों को विशेष रूप से जगदलपुर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि तेलुगू समाज को जाति और वर्ग की सीमाओं से ऊपर उठकर समाजहित के कार्यों में भूमिका निभानी चाहिए। इस रजत जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। साथ ही आंध्र प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने महोत्सव को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनाने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में जगदलपुर पहुंचकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। महोत्सव की शुरुआत 26 जनवरी से होगी। 27 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। 28 जनवरी बुधवार को सुबह 10 बजे स्वर्ण कलश पूजा होगी। 29 जनवरी को सुबह 9 बजे महाअभिषेकम् तथा शाम 6 बजे श्रीश्रीनिवास कल्याणम् संपन्न होगा। 30 जनवरी सुबह 10 बजे कुमकुम पूजा, 31 जनवरी सुबह 10 बजे सत्यनारायण कथा होगी। 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से महाआरती और महाभंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। भिलाई में आयोजित बैठक में बालाजी मंदिर के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, आंध्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलू, कलिंगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष और 14 मंडल के अध्यक्ष ए. गौरी शंकर, कलिंगा समाज के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डी. कामराजू, पार्षद राजू, जय श्रीनिवास राव, कोरमा राव, के. उमाशंकर राव, के. गणपति, ब्लड बैंक प्रमुख माधव राव सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

संस्कृति और परंपराओं से हुए रूबरू

# दुधली जम्बूरी में दुर्ग के रोवर रेंजर्स की दमदार भागीदारी



**दुर्ग।** बालोद जिले के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 में दुर्ग जिले की टीम ने बड़ी भागीदारी दर्ज कराई है। इस जम्बूरी में जिला संघ दुर्ग के जिला अध्यक्ष और सह राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख तथा जिला शिक्षा अधिकारी और पदेन जिला आयुक्त स्काउट अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में दुर्ग से कुल 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्काउटर और 15 गाइडर हिस्सा ले रहे हैं। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी प्रदीप महिलांगे, सहायक नोडल अधिकारी श्रवण सिन्हा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जम्बूरी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को मजबूत करना है। साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और परंपराओं से रूबरू कराना भी इसका अहम हिस्सा है। जम्बूरी में लोकनृत्य, बिना बर्तन के भोजन बनाना, पायोनियरिंग, स्टेट गेट निर्माण, केम्प क्राफ्ट, फूड प्लाजा और विभिन्न प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों के जरिए रोवर रेंजर्स अपनी स्काउटिंग स्किल का प्रदर्शन कर रहे हैं। दुर्ग जिला टीम की ओर से डीटीसी स्काउट नीरज साहू जम्बूरी प्रभारी रोवर विंग, डीओसी गाइड अमीता हरमुख जम्बूरी प्रभारी रेंजर विंग, देवेन्द्र कुमार देवांगन पंजीयन प्रभारी, हेमा चंद्रवंशी, मोहन लाल साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, दुर्गेश शुक्ला, भुनेश्वर जंघेल, ए. अमृत राव, अनिल साहू, कैलाश नागवंशी, प्रमोद कुर्रे, अरुण पटेल, लखेश्वर साहू, प्रेमलता योगी, निकिता गतिविधि प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## केरला समाजम ने हर्षोलास के साथ मनाया पारिवारिक मिलन समारोह



**भिलाई।** केरला समाजम दुर्ग-भिलाई द्वारा क्रिसमस व नए साल की पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में रविवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों से द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। साथ ही समाज के वरिष्ठ व अतिथियों का सम्मान किया गया। समाजम के अध्यक्ष वीके मोहम्मद व महासचिव जीघी वर्गीस ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार जताया। इस मौके पर कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अरुण वोरा, भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ डॉ. संदीप उपाध्याय सहित समाज के अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

आर्य समाज मंदिर में आयोजित ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में सांसद ने दी आहुति

# संतुलित जीवन से मिलेगी जीवन में शांति, महर्षि दयानंद का रास्ता विश्व कल्याण के लिए जरूरी : सांसद बघेल

कार्नर न्यूज

भिलाई। आर्य समाज मंदिर में आयोजित ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, वैदिक गरिमा एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। महायज्ञ के अवसर पर सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुति दी गई। उन्होंने लोकमंगल, शहरवासियों एवं समस्त छत्तीसगढ़ के निवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि मानव जीवन की सार्थकता चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के संतुलित साधन में निहित है। जो व्यक्ति इन चारों आयामों को समान महत्व देते हुए जीवन जीता है, वही सच्चे अर्थों में संतुलित, सुखी और शांत जीवन प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि केवल भौतिक उपलब्धियों के पीछे दौड़ना जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता, अपितु व्यक्तिगत, सामाजिक, व्यावसायिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच समन्वय स्थापित कर ही मनुष्य आंतरिक शांति और आत्मसंतोष प्राप्त कर सकता है। सांसद बघेल ने कहा कि आर्य समाज निरंतर सामाजिक एकता, नैतिक मूल्यों और जनकल्याण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा दिखाया गया वैदिक मार्ग आज भी प्रासंगिक है और विश्व कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। समाज को सत्य, शिक्षा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाने में आर्य समाज की भूमिका सराहनीय है।



### दुख बाहर नहीं भीतर होता है



आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा दुख बाहर नहीं, भीतर होता है। जिस दिन मनुष्य मेरे पास क्या नहीं है छोड़कर मेरे पास क्या है को देखने लगता है, उसी दिन जीवन में शांति का संचार हो जाता है। महायज्ञ में मुख्य यजमान सुदर्शन गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कौशल किशोर शर्मा, श्वेता शर्मा, अवनी भूषण पुरंग, यतेंद्र पुरंग, सोनिया पुरंग, रवि आर्य, कमलेश आर्या, प्रवीण गुप्ता, मधु गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, फूलमती गुप्ता, परमवीर भल्ला, संध्या श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, सरोज बहल, जानकी देवी, वीणा गुप्ता एवं राजकुमार शास्त्री सहित बड़ी संख्या में आर्य समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हरिशंकर भारतीय संस्कृति के प्रमुख प्रचारक

आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री 25 सालों से वेद धर्म एवं भारतीय संस्कृति के प्रभावशाली प्रचारक हैं। वेद, उपनिषद, ब्राह्मण ग्रंथ, रामायण, महाभारत तथा यज्ञ विद्या के गहन ज्ञाता के रूप में आप वैदिक परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। विश्व कल्याण की भावना से प्रेरित होकर आप प्रतिवर्ष अनेक यज्ञों का अनुष्ठान कराते हैं तथा सार्वदेशिक आर्य पुरोहित सभा के वरिष्ठ उपप्रधान के रूप में वैदिक चेतना को संगठित एवं सुदृढ़ दिशा प्रदान कर रहे हैं।

## हेल्थ टिप्स

## रोलिंग मिल और एसपी-3 की संयुक्त टीम ने जीता क्रिकेट का मुकाबला



**भिलाई।** बीएसपी के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग की अंतर अनुभाग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसएमएस 3 एवं वेव ब्रिज की संयुक्त टीम विरुद्ध रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम के मध्य खेला गया। बल्लेबाजी में एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम 10 ओवर में 4 विकेट पर 74 रन प्रवीण ने 20 रन,राहुल ने 19 रन एवं दिनेश ने 16 रन बनाएं। गेंदबाजी में रोलिंग मिल एवं एसपी-3 की संयुक्त टीम से भूपेश साहू ने 03 , डी चक्रवर्ती, अनिल बारले एवं श्रवण तिवारी ने एक-एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में रोलिंग मिल और सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम ने 9 ओवर में एक विकेट पर 75 रन बनाए। राहुल ने 31 रन नॉट आउट, यूनूस ने 18 रन, अनिल बारले ने नॉट आउट 11 रन, गेंदबाजी में एसएमएस -3 से प्रवीण ने एक विकेट लिया। इस प्रकार रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम ने यह फाइनल 9 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच भूपेश साहू रहे। वहीं प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन खोमेंद्र, बेस्ट बॉलर श्रवण तिवारी एमपी और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट राहुल रहे। मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डेहरिया और स्कोरर विनोद देवघरे थे।

फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रवि शंकर सीजीएम आई एंड ए थे। इस अवसर पर मधु पिल्ले भूतपूर्व जीएम इंचार्ज ,एसके केसर , जी के कुंडू , उत्पल दत्ता , प्रमोद कुमार सिंह, एच सचदेवा और ए एम डैनी उपस्थित थे। इस अवसर पर इंस्ट्रूमेंटेशन विभागके कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अंपायर राणा प्रताप सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष शुक्ला एवं अनिल मिश्रा ने किया।

## आत्मानंद स्कूल की 11 रन से जीत



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को रोचक मुकाबले हुए। सी-3 ग्राउंड हॉस्पिटल सेक्टर में टीम स्वामी आत्मानंद स्कूल के विरुद्ध स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपार ने 11 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच शुभम कुमार चौधरी को योगेश शाह भूतपूर्व सचिव भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल टीम 168 रन पर आउट हो गई। शुभम ने 37 रन एवं कप्तान ए रेड्डी ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में केपीएस सुंदर नगर के आशीष ने 6 विकेट एवं शुभम ने 7 विकेट लिए। बल्लेबाजी केपीएस सुंदर नगर टीम 157 रन पर आउट हो गई। प्रशांत इक्का ने 73 रन एवं सी कुमार ने नॉट आउट 22 रन बनाए। गेंदबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल के शुभम कुमार चौधरी ने 6 विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना एवं सपन काकडे और स्कोरर विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर अभिलाष, मोहम्मद दाऊद अंसारी, बृजेश पांडे, समीर शर्मा, जी प्रेमनाथ, वेंकटरमन, प्रशांत कुमार भारद्वाज, राजेंद्र सिंह और विजेश कनौजिया उपस्थित थे।

## नेशनल सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ बना दोनों वर्गों में विजेता



**रायपुर।** 38 वीं सबजूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता। पटौदा झज्जर हरियाणा में 09 से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा।

छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 10–0 से हराकर अपनी पारी की जोरदार शुरुआत की, फिर जम्मूकश्मीर को 09–0 हराया, लेकिन मेजबान हरियाणा से संघर्षपूर्ण मैच में 03–02 से हार गई। लीग मैच में आंध्रा जो कि पिछले वर्ष की रजत पदक विजेता टीम थी उसको 13–03 से हराकर प्रतियोगिता में फिर से वापसी की और अपने को प्रतियोगिता में बनाए रखा। अगले मैच में केरल को 01–0, मध्य प्रदेश को 03–0 एवं राजस्थान को 03–01 से हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल हरियाणा के साथ हुआ, पिछली हार का बदला लेने के लिए छत्तीसगढ़ की टीम पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मैदान में उतरी एवं शुरू से ही अपने आक्रामक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया। पहले इनिंग में टॉस हारने के बाद छत्तीसगढ़ की टीम ने हरियाणा को शून्य में आउट किया।

### जीवनशैली में बदलाव और सेहत पर ध्यान देना जरूरी

# आपका यूरिक एसिड बढ़ रहा है तो हो जाएं सावधान, कम करने जरूरी उपाय पर दें ध्यान

यूरिक एसिड एक ऐसा टॉक्सिक पदार्थ है जो सभी के बॉडी में बनता है। यह वेस्ट मटेरियल होता है जिसे किडनी फिल्टर करके बॉडी से निकाल देती है। हमारे शरीर में यूरिक एसिड तब बनता है, जब शरीर प्यूरीन को तोड़ता है। प्यूरीन शरीर में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले पदार्थ हैं और यह कुछ खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थों में पाए जाते हैं। अगर इसकी मात्रा ब्लड में ज्यादा हो जाती है तो व्यक्ति को गठिया की समस्या होने लगती है। अगर आप का भी यूरिक एसिड हाई हो जाता है तो आप इन चीजों की मदद से इसे नेचुरली कम कर सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट और एजुकेटर लवनीत बत्रा।



## यूरिक एसिड घटाने में मददगार हैं ये फूड्स

केला बहुत कम प्यूरीन वाला फल है वहीं इसमें विटामिन सी भी होता है। इसका सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर कंट्रोल होता है वही किले में पोटेशियम भी होता है यह भी यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मददगार होता है।



एक्सपर्ट बताती हैं कि शोध से पता चलता है कि कम वसा वाला दूध और कम वसा वाले दही का सेवन करने से यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है यह आपके शरीर से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मददगार होता है। वहीं इससे आपके हड्डियों को भी मजबूती मिलती है।

कॉफी का सेवन करने से भी यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। दरअसल कॉफी उस एंजाइम से प्रतिस्पर्धा करती है जो शरीर में प्यूरीन को तोड़ता है। यह यूरिक एसिड उत्पादन की दर को काम करता है। साथ ही यह आपके शरीर द्वारा यूरिक एसिड उत्सर्जित करने की दर को भी बढ़ता है।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए आप डाइट में खट्टे मीठे फल को ऐड कर सकते हैं। आंवला, नींबू, संतरा, पपीता और अनानास जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, इसलिए ये प्राकृतिक रूप से यूक एसिड के उच्च स्तर को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा आप चेरी,ओट्स, सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, खीरे, अजवाइन और गाजर जैसे डायटरी फाइबर का सेवन कर सकते हैं। डायटरी फाइबर के सेवन से सीरम यूरिक एसिड कंसंट्रेशन कम होती है।

## दूध का सेवन कितना सही है?

लेकिन वहीं अगर बात करें दूध की तो प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत होने के बावजूद इसमें रेड मीट, अंडा जैसे अन्य प्रोटीन स्त्रोतों की तुलना में प्यूरीन कम मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका सेवन यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोग के लिए नुकसानदेह नहीं बल्कि काफी हद तक फायदेमंद होता है। जैसे कि दूध और शाकाहार से मिलने वाला प्रोटीन में अतिरिक्त यूरिक एसिड को शरीर से बाहर निकालने में मददगार होता है। इसके अलावा यूरिक एसिड बढ़ने से हाथ-पैर के जोड़ों में जो दर्द की समस्या होती है, इससे निजात दिलाने में कैल्शियम से भरपूर दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

इस तरह से देखा जाए तो यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए दूध का सेवन आवश्यक है, हां इसकी मात्रा का जरूर ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में हमारे हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. सतीश का सुझाव है कि यूरिक एसिड जैसी समस्या से ग्रसित लोगों को सीमित मात्रा में ही सही पर दूध का सेवन जरूर करना चाहिए, क्योंकि दूध में शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन पाया जाता है।

## इन चीजों के सेवन से करें परहेज

वहीं बात करें यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों को किन चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए तो जैसा कि हमने आपको बताया कि पनीर, अंडा, मछली, रेड मीट या व्हाइट मीट जैसे हाई प्रोटीन युक्त आहार में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा पालक, मटर, ब्रोकली, मशरूम के साथ अरहर की दाल जैसे शाकाहार में भी भी प्यूरीन अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिससे शरीर यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# बिना तेल के झटपट तैयार करें पोहा वड़ा, उंगलियां चाटते रह जायेंगे लोग



जब भी हमारा कुछ लाइट खाने का मन करता है, तो हम पोहा बनाकर खा लेते हैं। मगर इस बार ब्रेकफास्ट में पोहा से वड़ा बनाने की यह रेसिपी ट्राई करें, यकीनन आपको यह डिश अच्छी लगेगी।

जब भी हेल्दी ब्रेकफास्ट की बात आती है तो हमारे दिमाग में पोहा का नाम जरूर आता है, क्योंकि यह पौष्टिक होने के साथ-साथ लाइट भी होता है। इसलिए इसमें मीठा, खट्टा, नमकीन, क्रंची हर तरह का फ्लेवर दिया जाता है। पोहा खाने की सबसे अच्छी बात ये होती है कि इसमें कम तेल और मसालों का उपयोग होता है और यह जल्दी बन भी जाता है।

मगर पोहे के साथ एक दिक्कत है, अगर हम कुछ दिन लगातार पोहा खाते हैं तो यह बोरिंग हो जाता है। इसे हम रोज नहीं खा सकते, ऐसे में अगर आप भी पोहा खाकर बोर हो चुके हैं तो कुछ नया ट्राई कर सकते हैं। जी हां, आज हम आपको पोहा से वड़ा बनाने की आसान विधि बता रहे हैं, जिनकी मदद से कुछ ही देर में स्वादिष्ट वड़ा तैयार किया जा सकता है। सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें। फिर एक बाउल में पानी डालकर पोहा छानकर अच्छी तरह से भिगोकर रख दें। साथ ही आलू के छिलके उतारकर टुकड़ों में काटें और गैस पर हल्की आंच पर उबालने के लिए रख दें। जब आलू उबल जाए, तो चम्मच की मदद से मैश कर लें। मैश करने के बाद इसमें पोहा भी डाल दें। अगर आप चाहें तो पोहे को भी मैश कर सकते हैं। अब ऊपर बताए गए सभी मसाले जैसे- नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, प्याज, हरी मिर्च, हरा धनिया और बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालकर मिलाएं।

अब कॉर्न फ्लेक्स डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। इस दौरान स्टीमर तैयार कर लें। इसके लिए गैस पर पानी भरकर एक पतीली रखें और अगर आप चाहें तो नमक भी डाल सकते हैं। पानी को गर्म करें और जब पानी गर्म हो जाए, तो ऊपर से छलनी रखें। अब पोहा के छोटे- छोटे वड़ा बनाएं और एक-एक करके छलनी के ऊपर रख दें, ताकि वड़ा भाप में आसानी से पक जाएं। सभी वड़ा बनाने के बाद ऊपर से पतीली को ढक दें। लगभग 10 से 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें और जब यह अंदर से अच्छी तरह से पक जाए, तो एक प्लेट में निकाल लें। अब वड़ा सांभर, हरी चटनी और नारियल की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें। बस आपका हेल्दी नाश्ता तैयार हो गया है। आलू को उबालने के लिए रख दें और फिर पोहा छानकर भिगो दें। जब आलू उबल जाए, तो चम्मच की मदद से मैश कर लें। अब ऊपर बताए गए सभी मसाले और पोहा डालकर मिलाएं। अब गैस पर पानी भरकर एक पतीली रखें और वड़ा बनाकर स्टीम करें।



## बिना पैसे खर्च किए कपूर से ऐसे दूर करें अपने घर का वास्तु दोष

वास्तु शास्त्र में कपूर को बहुत लाभकारी माना गया है। कपूर के द्वारा किये गए कुछ सरल से उपायों से जीवन की हर एक परेशानी से निजात पाई जा सकती है। वास्तु शास्त्र में कपूर को बहुत लाभकारी माना गया है। कपूर के द्वारा किये गए कुछ सरल से उपायों से जीवन की हर एक परेशानी से निजात पाई जा सकती है। कपूर को नकारात्मकता दूर करने में अचूक माना जाता है। इसके अलावा, घर का वास्तु दोष भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किये आसानी से कपूर से दूर किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने कपूर के कुछ सरल उपाय बताये जिन्हें आजमाकर आप सरलता से घर का वास्तु दोष दूर कर सकते हैं।

घर में जब वास्तु दोष होता है तब उसका सबसे पहला संकेत होता है आर्थिक हानि। घर में अगर अकारण ही धन हानि होने लगे तो समझ जाएं कि आपके घर में वास्तु दोष है। इसके अलावा, और भी कई संकेत होते हैं जो घर में वास्तु दोष को दर्शाते हैं जैसे कि पारिवारिक क्लेश या बीमारी का आना।

ऐसे में वास्तु दोष को ठीक करना बहुत जरूरी हो जाता है। इसके लिए आपको अब पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है बल्कि आप कपूर के जरिये आसानी से घर का वास्तु ठीक कर सकते हैं और दोष को दूर कर सकते हैं। कपूर के 5-6 टुकड़े लें। फिर उन्हें घी में डुबोकर मिट्टी के दीपक में जलाएं।

इसके अलावा, आप घर के हर एक कोने में कपूर की छोटी-छोटी टिक्की रख सकते हैं ।




## अपनी राशि के अनुसार जरूर पहनें इन धातुओं के इयररिंग्स, होगा लाभ

इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं यह जिस भी धातु के होते हैं, उसका पहनने वाले व्यक्ति पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ता है।

इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। जो भी इसे पहनता है, उसके जीवन पर इसका अच्छा और बुरा असर भी पड़ता है। वहीं अपनी राशि के अनुसार शुभ धातु के इयररिंग्स धारण करने से शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं। क्योंकि किसी भी धातु का संबंध ग्रह से होता है। अब ऐसे में सभी राशियों को अपनी राशि के अनुसार किसी धातु का इयररिंग्स पहनना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मेष राशि वालों के लिए इयररिंग्स



मेष राशि के जातकों को सोने या तांबे से बनी हुई इयररिंग्स पहननी चाहिए। इसे मंगलवार के दिन पहनना शुभ माना जाता है। क्योंकि इस राशि स्वामी मंगल (मंगलदोष उपाय) हैं। इससे मंगलदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### वृषभ राशि वालों के लिए इयररिंग्स

जिस भी जातक की राशि वृषभ है। उसे चांदी से बनी इयररिंग्स लकी साबित हो सकती है। इसे आप शुक्रवार के दिन धारण कर सकते हैं। इससे शुक्रदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### मिथुन राशि वालों के लिए इयररिंग्स

मिथुन राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ना और कांसा के इयररिंग्स पहनना शुभ फलदायी साबित हो सकता है। इससे बुधदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### कर्क राशि वालों के लिए इयररिंग्स

कर्क राशि के जातकों को चांदी और मोती से बनी हुई इयररिंग्स धारण करना चाहिए। इसे आप सोमवार के दिन पहन सकते हैं। इससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह राशि वालों के लिए इयररिंग्स

सिंह राशि के जातकों के स्वामी सूर्य हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पीतल और सोने का इयररिंग्स पहनना चाहिए। यह बेहगद लकी साबित हो सकती है।

### कन्या राशि वालों के लिए इयररिंग्स

कन्या राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध है। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ने का इयररिंग पहनना चाहिए।

### तुला राशि वालों के लिए इयररिंग्स

तुला राशि के जातकों चांदी का इयररिंग पहनना बेहद शुभ माना जाता है। इससे आपको हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है।

### वृश्चिक राशि वालों के लिए इयररिंग्स

वृश्चिक राशि के जातकों के स्वामी मंगल देव हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को सोना और तांबे से बनी इयररिंग पहनना चाहिए। इससे धन वृद्धि हो सकती है।

### धनु राशि वालों के लिए इयररिंग्स

धनु राशि के जातकों को सोना और पीतल के धातु का इयररिंग पहनना चाहिए। क्योंकि इस राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इससे आपको कभी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### मकर राशि वालों के लिए इयररिंग्स

मकर राशि के जातकों को नीलम का इयररिंग पहनना चाहिए। इसे खासकर शनिवार के दिन पहनें। इससे आपको कभी किसी प्रकार के दोष का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कार्नर न्यूज

### सब जूनियर बालिका ,सीनियर महिला और जूनियर बालिका टीम पहुंची फाइनल में

# बंगाल, केरल और उत्तरप्रदेश से फाइनल में भिड़ेंगे छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो के तीनों वर्ग के खिलाड़ी

**भिलाई।** भारतीय साइकिल पोलो महासंघ की ओर से 22वीं सब जूनियर बालिका, 28वीं जूनियर बालिका तथा 26 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन कडप्पा (आंध्र प्रदेश) में 10 से 13 जनवरी तक जारी है। प्रतियोगिता के तीनों वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है. भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार तथा दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी तीनों वर्गों में अपने सभी लीग मैचों में एक तरफा जीत हासिल कर शानदार बढ़त बना ली। छत्तीसगढ़ दल के प्रशिक्षक तथा वर्तमान में इंडियन आर्मी में पदस्थ एस.संतोष राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के तीनों ही दल के खिलाड़ी फाइनल में पहुंचें। अब खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन बनने का प्रयास करेंगे।



छत्तीसगढ़ ने सब जूनियर वर्ग ने अपने लीग के प्रथम मैच में तेलंगाना को तीन के मुकाबले शून्य गोलों से पराजित किया तथा द्वितीय मैच में आंध्र प्रदेश को भी 6 के मुकाबले शून्य गोलों से पराजित किया। अपने सेमीफाइनल मैच में पुडुच्चेरी को 08 के मुकाबले 0 गोलों से पराजित कर फाइनल में पहुंची। छत्तीसगढ़ ने जूनियर वर्ग मैं मैं खेले गए अपने लीग मैच में प्रथम मैच में भी कर्नाटक को सात के मुकाबले शून्य गोल से तथा द्वितीय मैच में मध्य प्रदेश को भी छह के मुकाबले शून्य गोलों से परास्त किया तथा अपने क्वार्टर फाइनल मैच में वेस्ट बंगाल को 8 के मुकाबले शून्य गोलों से परास्त कर सेमीफाइनल में पहुंची। छत्तीसगढ़ ने सीनियर वर्ग में खेले गए अपने मैचों में प्रथम मैच में पुडुच्चेरी को भी 12 के मुकाबले शून्य गोलों से पराजित किया तथा अपने द्वितीय मैच में मध्य प्रदेश को भी 11 के मुकाबले शून्य गोलों से प्राप्त किया। वहीं क्वार्टर फाइनल में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए वेस्ट बंगाल को सात के मुकाबले तीन गोलों परास्त किया तथा अंत में अपने सेमीफाइनल मैच में तेलंगाना को 17 के मुकाबले शून्य गोलों से जबरदस्त शिकस्त देकर फाइनल में पहुंची।

सब जूनियर वर्ग में कुमारी धात्री ने सर्वाधिक कुल पांच गोल दागे। जूनियर वर्ग में कुमारी इशिता ने सर्वाधिक कुल 9 गोल दागे। सीनियर वर्ग में कुमारी पूनम ने एक के बाद एक सर्वाधिक कुल 18 गोल दागे।

### तीनों वर्ग फाइनल में

शाम 4:00 के बाद के परिणाम अनुसार छत्तीसगढ़ की टीम तीनों वर्गों में फाइनल पहुंची। सब जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ ने अपने सेमीफाइनल मैच में केरल को सात के मुकाबले चार गोलों से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच होगा। जूनियर वर्ग में भी छत्तीसगढ़ ने एक तरफा मुकाबले में अपने सेमीफाइनल मैच में केरल को 14 के मुकाबले 2 गोलों से परास्त कर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच होगा। सीनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ ने अपने सेमीफाइनल मैच में तेलंगाना को 17 के मुकाबले शून्य गोल से पराजित कर फाइनल मैं अपना स्थान बनाया। अब फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और केरल के बीच होगा।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'एवेंजर्स डूम्सडे' के नए टीजर में एक्स मैन की झलक, वुल्वरीन की वापसी पर उठे सवाल



'एवेंजर्सः डूम्सडे' का नया और तीसरा टीजर आ गया है। कैप्टन अमेरिका और थॉर के बाद अब इसमें एक्स-मैन की वापसी दिखाई गई है। हमें चार्ल्स जेवियर, मैग्नेटो और साइक्लॉप्स की झलक दिखती है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल, क्या वुल्वरीन भी वापस लौटेगा? कैप्टन अमेरिका और थॉर की 'एवेंजर्स डूम्सडे' में वापसी की झलक के बाद मार्वल स्टूडियोज ने अब एक्स मैन के कमबैक का नया टीजर रिलीज किया है। सिनेमाघरों में 'अवतार फायर एंड ऐश' की रिलीज साथ ही हर हफ्ते रूसो ब्रदर्स की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का एक नया टीजर आ रहा है। पहले दो टीजर में क्रिस इवांस के स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका और क्रिस हेम्सवर्थ के 'गॉड ऑफ थंडर' यानी थॉर की वापसी की पुष्टि हो चुकी है। अब सामने आए तीसरे टीजर में मेकर्स ने 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज में एक्स मैन को शामिल करने की पुष्टि की। यह एमसीयू की कहानी में वो बदलाव है, जिसका लंबे समय से हर किसी को इंतजार था। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'एवेंजर्स डूम्सडे' के नए टीजर के आखिर में स्क्रीन पर लिखा आता है, 'एक्स-मैन एवेंजर्सः डूम्सडे में वापस आएंगे।' यह एक मिनट का टीजर पैट्रिक स्टीवर्ट की आवाज में चार्ल्स जेवियर के सिग्नेचर मोनोलॉग से शुरू होता है और आखिरी फ्रेम में एक्साइमेंट बढ़ाने का काम करता है। टीजर में चार्ल्स जेवियर का किरदार कहता है, 'मौत तो सबको आनी है। बस इस बात पर मुझे यकीन है। सवाल ये नहीं कि क्या तुम मरने को तैयार हो? सवाल ये है कि जब मौत से सामना होगा तब उससे नजरें कैसे मिलाओगे?' इस दोरान चार्ल्स जेवियर अपनी व्हीलचेयर पर एक्स-मेंशन में बैठे हैं।

## टॉलीवुड

### 'द राजा साब' देखने पहुंचे फैंस ने प्रभास की एंट्री पर दीए जलाकर की आरती, थिएटर में लगी आग



प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर थिएटर्स में रिलीज हुई। पहले दिन इस मूवी भारत में 62.90 करोड़ का नेट कलेक्शन किया और वर्ल्डवाइड इसने 100.60 करोड़ कमाए। पैन इंडिया रिलीज इस मूवी को दर्शकों का कुछ खास रिव्यू नहीं मिल रहा। लेकिन फैंस ने थिएटर में आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में एक्टर के चाहने वाले उनके एंट्री सीन, उनके गाने और मगरमच्छ के फाइट सीन के दौरान चिल्लाते और कॉन्फेटी फेंकते दिख रहे हैं। फिल्म 'द राजा साब' की स्क्रीनिंग के दौरान ओडिशा के एक थिएटर में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक फैन आरती की थाली लेकर थिएटर के अंदर आ गया था। जिसके बाद उसने प्रभास के एंट्री सीन के दौरान दीये जलाए और स्क्रीन के सामने तीर छोड़े। इससे स्क्रीन के ठीक सामने आग लग गई। और इसे बुझाने में दूसरे फैंस कोशिश करते रहे। शोर से थिएटर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान लोग इधर-उधर भागते दिखे, जिससे वह अपनी जान बचा सकें। हालांकि किसी के घायल होने या फिर किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। वीडियो शेयर करने वाले शख्स ने बताया है कि हॉल में मौजूद लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। फिल्म में प्रभास के अलावा, संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, रिद्धि कुमार और बोमन ईरानी अहम भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर में दिखाए गए सीन्स फिल्म में नहीं होने से दर्शक निराश हो गए। जिसके बाद शनिवार 10 जनवरी को मेकर्स ने हैदराबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि नए सीन्स अब फिल्म में जोड़ दिए गए हैं।

## भोजपुरी

### आम्रपाली के बर्थडे पर 'निरहुआ' ने लुटाया प्यार, कहा- जन्मदिन मुबारक



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है और उन्हें 'ड्रीम गर्ल' कहा है। उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें वो हाथ से दिल बना रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे ने 11 जनवरी को अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। उम्र के इस पड़ाव पर आकर भी वो अभी तक कुंवारी हैं, उन्होंने शादी नहीं की है। खैर। उनके बर्थडे पर भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने उन्हें विश किया है। उनके साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में लिखा है- जन्मदिन मुबारक ड्रीम गर्ल। दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' का ये पोस्ट वायरल हो रहा है। इसमें वो और आम्रपाली दुबे, दोनों ने अपने हाथों से दिल बनाया है। एक्टर कैप्शन में लिखते हैं- हैप्पी बर्थडे ड्रीमगर्ल। साथ ही हैशटैग में लिखा है- 'भगवान भला करे। जुग जुग जियो। लव यू। महादेव आशीर्वाद दें।' निरहुआ के पोस्ट पर आम्रपाली ने भी जवाब देते हुए कॉमेंट किया, 'धन्यवाद'।इस पोस्ट पर फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। पर एक यूजर ने पूछा- 'ये रिश्ता क्या कहलाता है?' दूसरे ने कहा, 'इन दोनों का रिश्ता कुछ समझ नहीं आता है।' निरहुआ और आम्रपाली दोनों ही भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े कलाकार हैं। दोनों ने साथ में कई फिल्में की हैं। निरहुआ शादीशुदा हैं और उनके तीन बच्चे भी हैं। आम्रपाली ने अभी तक शादी नहीं की है।

## प्रिंट का जलवा

लाइफ स्टाइल



लीडिंग रोल में एटीट्यूड वाली शर्ट्स प्रिंटेड शर्ट्स को दूर से भी देखा जा सकता है। ये सारे शर्ट्स चमकीले फ्लोरल, एब्स्ट्रैक्ट ग्राफिक्स और बोल्ड रंग, लिक्विड टेलरिंग या क्लीन सेपरेट्स के साथ मिलकर कंट्रास्ट को बढ़ाते हैं। एब्स्ट्रैक्ट वॉच प्रिंट शर्ट, अल्ट्रा-हाई-वेस्टेड लिक्विड पैंट और मैचिंग पाउच बैग के साथ इनकी डिमांड खूब है।

# फैशन नहीं, सही फिटिंग के हिसाब से अपनाइये जींस





जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है।

अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी।अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है।



# मिल्क पाउडर से चमक उठेगा आपका चेहरा



अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें। चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

मिल्क पाउडर आपकी त्वचा में निखार लाने, स्किन का ग्लो बढ़ाने और दाग-धब्बे मिटाने का काम करता है। खास बात यह है कि यह स्किन पर बहुत लाइट और इफेक्टिव होता है। इसे संसेटिव स्किन वाली महिलाएं भी बेफिक्र होकर उपयोग कर सकती हैं। साथ ही टीनेजर बच्चों की त्वचा के लिए भी मिल्क पाउडर से बना फेस पैक बहुत प्रभावी होता है। ओट्स पाउडर बनाने के लिए आप मिक्सी में एक कप ओट्स को पीस लें। तैयार पाउडर को किसी जार में स्टोर करके रख लें। ताकि जब भी फेस पैक बनाएं आपको फिर से ओट्स का पाउडर ना बनाना पड़े। ओट्स आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग करता है। यह त्वचा पर अतिरिक्त तेल को आने से रोकता है। कील-मुहांसे और ब्लैकहेड्स या वाइटहेड्स जैसी समस्याओं को दूर करता है।तो मिल्क पाउडर के साथ इसका मिक्स तैयार करने पर यह सुपर इफेक्टिव फेस पैक के रूप में काम करता है। जो आपकी त्वचा से जुड़ी लगभग सभी जरूरतों को पूरा कर आपको क्लीन और सपल स्किन देता है।ओट्स हेल्थ के लिए कितने लाभकारी होते हैं ये तो लगभग सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ओट्स आपकी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। ये आपके चेहरे से ऐक्ने स्कार्स को कम करके त्वचा की रंगत में निखार लाते हैं? इनमें मौजूद अमीनो एसिड स्किन टोन को हल्का करता है। ओट्स में मौजूद विटामिन-ई त्वचा की कोशिकाओं को जल्दी हील करता है।

# खास मौके पर सूट के साथ ट्राई करें सिंपल हेयर स्टाइट

शादी और पार्टी का सीजन चल रहा है। ऐसे में अगर आप सूट पहनने की सोंच रही और सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो आगे बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

सेंटर पार्टीशन के साथ साइड पफ

अगर आप अपनी फ्रेंड के संगीत वाले फंक्शन में सूट वियर कर रही हैं तो आप ओपन हेयर रख सकती हैं। इसके लुक को एन्हांस करने के लिए इसके साथ आप सेंटर पार्टीशन कर सकती हैं। अगर आपका चेहरे गोल शेप का है तो आप पार्टीशन वाले एरिया में दोनों साइड से थोड़ा पफ कर सकती हैं। ये आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगे देगा।

**हाई बन कर सकती हैं ट्राई :** आप अगर खुले बाल में कंफोर्टेबल नहीं रहती और वेडिंग में यूनिक भी दिखना चाहती हैं तो आप हाई बन ट्राई कर सकती हैं। एथनिक आउटफिट खासकर सूट के साथ हाई बन काफी स्टालिश लगता है। हालांकि थोड़ा एलिगेंट टच देने के लिए आप आगे की लटें भी बाहर निकाल सकती हैं। ये हेयर स्टाइल(जुड़ा हेयर स्टाइल) आपको बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देगा।



**हाफ टाई हेयर रहेगा बेस्ट :** एथनिक ड्रेस पर सिंपल हाफ टाई हेयरस्टाइल बना सकती हैं। पंजाबी सूट, फ्रॉक सूट, शरारा और गरारा जैसे ट्रेडिशनल ड्रेस(ब्राइडल बन) पर भी ये हेयर स्टाइल काफी अच्छी लगती है। आप चाहें तो इसको हल्का कर्ल भी कर सकती हैं।

# लॉन्ग कोट डिजाइंस को वॉर्डरोब में करें शामिल

सर्दियों में लड़कियां सबसे ज्यादा लॉन्ग कोट के साथ ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। लेकिन इसके लिए आप डिजाइंस का खास ध्यान रखना चाहिए।

**लेसअप लॉन्ग कोटः** पार्टी हो या फिर कोई फंक्शन हम उसमें जानें के लिए अक्सर अलग-अलग डिजाइंस के ड्रेस ऑप्शन को ट्राई करते हैं। इसके साथ पहनने के लिए हमें कुछ ऐसी कम्फर्टेबल चीज भी चाहिए होती है जिससे हम सर्दियों में बच सके। ऐसे में आप लेसअप लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। ये दिखने के साथ-साथ पहनने में भी काफी स्टाइलिश लगता है। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे ऑप्शन भी मिल जाते हैं। जिसे आप शॉट ड्रेस यहां तक की जींस और टॉप के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगा।

**चेक डिजाइन लॉन्ग कोट :** अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं और वहां पर ड्रेस के ऊपर के लिए लॉन्ग कोट सर्च कर रही हैं तो इसे ट्राई (सलवार सूट डिजाइंस) कर सकती हैं। इसमें आपको चेक डिजाइन वाला लॉन्ग कोट मिलेगा। जिसे वियर करके आप काफी स्टाइलिश लगेंगी। आप चाहे तो इसके साथ फैंसी बेल्ट को वियर कर सकती हैं और एक परफेक्ट वेकेशन लुक क्रिएट कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

**वन कलर वेलवेट लॉन्ग कोटः** अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो इसके लिए आप एक कलर के वेलवेट लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। इसे आप (टिश्यू सिल्क साड़ी) वियर कर सकती हैं। यह दिखने में सिंपल होता है लेकिन पहनने में स्टाइलिश लगता है। आप इसे ट्राई कर सकती हैं। आप चाहे तो इसे ऑफिस में भी वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के लॉन्ग कोट आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे। इन लॉन्ग कोट को करें स्टाइल और नए डिजाइन को भी अपनी कलेक्शन में शामिल करें, ताकि आपका लुक परफेक्ट नजर आए।



## कार्नर न्यूज

## मौजूदा दौर में बदलते फैशन ट्रेंड को अपनाना समझदारी

# रॉयल लुक के लिए शामिल करें इन खास रंगों के कपड़े, निखर उठेगा आपका व्यक्तित्व, बदलता फैशन ट्रेंड कीजिए स्वीकार

जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आज के लेख में हम आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।



### पेस्टल रंग

इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

### रॉयल ब्लू

ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

### एमरॉल्ड ग्रीन

हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

### पर्पल

वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

### मैटेलिक रंग

अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### ब्लैक रंग

अगर बात करें काले रंग की तो ये रंग तो एवरग्रीन है। आप इसे ऑफिस से लेकर क्लब तक में पहनकर धमाल मचा सकती हैं। शादी के दिन भी ये रंग काफी रॉयल लुक देता है।

### व्हाइट रंग

चाहे कितने भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन लो, लेकिन अगर बात सफेद रंग की आती है, तो इसका लुक अलग ही देखने को मिलता है। ऐसे में आप इस रंग का कम से कम एक आउटफिट अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

